आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 171 ● कटनी ● शनिवार, 23 जुलाई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण मास कृष्ण पक्ष-10 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81



हरिद्वार से गंगाजल लेकर ग्वालियर लौट रहे थे, हाथरस में हादसा

## ग्वालियर के 7 कांवड़ियों को डंपर ने रौंदा, 6 की मौत

**ग्वालियर , हाथरस एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के हाथरस में देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में 6 कावड़ियों की मौत हो गई। बेकाबू डंपर ने कांवड़ियों के जत्थे को रौंद दिया। शुक्रवार देर रात 2 से 3 बजे के बीच हुए हादसे में 5 कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 1 ने अस्पताल में दम तोड़ा। कांवड़िये हरिद्वार से कांवड़ में गंगाजल लेकर ग्वालियर आ रहे थे। सभी कांवड़िये ग्वालियर के उटिला के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मौके पर मौजूद एक कांवड़िये ने बताया कि हम एक ढाबे पर खाना खा रहे थे, तभी ड्राइवर ने डंपर चढ़ा दिया। हादसा हाथरस में कोतवाली सादाबाद बजार चौराहे पर हुआ। आगरा जोन के ष्ठत्र राजीव कृष्ण ने बताया कि हाथरस के कांवड़िये हरिद्वार से ग्वालियर जा रहे थे। घटना के बाद ड्राइवर डंपर लेकर भाग निकला। हादसे में एक कांवड़िया घायल है। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 42 लोगों का जत्था एकसाथ गंगाजल लेकर जा रहा था। हादसे में जबर सिंह (28), रनवीर सिंह (30), मनोज पाल सिंह (30), रमेश पाल (30) और नरेश पाल (45) समेत 6 की मौत हुई है। हाथरस ष्ठरूरमेश रंजन ने सभी मृतक कांवड़ियों के परिजन को 1-1 लाख रुपए की मदद देने की घोषणा की है।हाथरस एसपी विकास कुमार वैद्य ने बताया कि हादसा सादाबाद - ग्वालियर रूट पर हुआ। यह रूट कांवड़ यात्रा का पारंपरिक रूट नहीं है। इस कारण इस रूट पर कांवड़ियों के लिए ट्रैफिक बंद नहीं किया जाता। पारंपरिक रूट पर कावड़ियों को सुरक्षित रास्ता देने के लिए ट्रैफिक बंद किया जाता है।

### मप्र में 6 दिन फिर राजनीतिक हलचल

## उप सरपंच, जिपं-जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुने जाएंगे

**भोपाल ,यश भारत।** मध्यप्रदेश में अगले 6 दिन फिर से चुनावी हलचल रहेगी। पंचायत चुनाव खत्म होने के बाद अब उप सरपंच, जिला पंचायत और जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुने जाएंगे। कई जिलों में जिपं अध्यक्ष की कुर्सी पर भाजपा -कांग्रेस दोनों का दावा मजबूत है, तो कुछ में निर्दलीय गणित बिगाड़रहे हैं। ऐसे में भावी अध्यक्ष किलेबंदी में जुटे हैं। राजधानी भोपाल और इंदौर में भी कश्मकश वाली स्थिति बन रही है। 24 से 29 जुलाई के बीच पूरी प्रोसेस होगी। प्रदेश में पंचायत चुनाव 3 चरणों में निपट चुके हैं। इसके साथ ही गांव की सरकार की तस्वीर भी साफ हो गई है। इसके साथ ही अब जिला और जनपद पंचायत में अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर जोड़-तोड़ शुरू हो गई है। दावेदार दौड़-भाग कर रहे हैं और सदस्यों को रिझाने में लगे हैं।



**कब, किसका होगा चुनाव**

प्रदेश में तीन चरण में उप सरपंचों का चुनाव होगा। मुखिया सरपंच के बाद उप सरपंच का पद प्रमुख माना जाता है। इसे पंच ही चुनेंगे। अधिकांश पंचायतों में उप सरपंच निर्विरोध चुने जा सकते हैं। पहले चरण का 24 जुलाई, दूसरे चरण का 25 जुलाई और तीसरे चरण का 26 जुलाई को चुनाव होगा। जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुने जाने के लिए 27 और 28 जुलाई की तारीख तय की गई है। सबसे महत्वपूर्ण जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को एक ही दिन 29 जुलाई को चुना जाएगा। प्रदेश की 52 जिला पंचायतों में कलेक्टर की मौजूदगी में पूरी प्रोसेस होगी। 313 जनपदों में भी अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुने जाएंगे। सदस्य ही इन्हें चुनेंगे। राजधानी होने से भोपाल जिला पंचायत में अध्यक्ष की कुर्सी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, इसलिए बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने ही ताकत झोंक दी है। हालांकि, अभी तक की स्थिति में कांग्रेस के पक्ष में सात सदस्य बताए जा रहे हैं, तो बीजेपी समर्थित तीन सदस्य है। ऐसे में कांग्रेस का दावा मजबूत है, लेकिन ऐनवक्त क्या उलटफेर हो जाए, कहना मुश्किल है। ऐसे में दोनों ही पार्टी के नेता समीकरण बनाने में लगे हैं। पिछली बार अध्यक्ष के चुनाव को लेकर उलटफेर हो चुका है। इंदौर में बीजेपी आगे चल रही है। यहां के 17 में से 12 वार्डों पर बीजेपी समर्थित सदस्य जीते हैं। वहीं, पांच पर कांग्रेस समर्थित सदस्य आगे हैं। यहां भी सदस्यों को रिझाने के लिए कसर नहीं छोड़ी जा रही।

### संक्षिप्त न्यूज

**राष्ट्रपति चुनाव**

#### कमलनाथ ने कहा-क्रॉस वोटिंग की जांच करेंगे



**भोपाल ,यशभारत।** राष्ट्रपति चुनाव में 17 कांग्रेसी विधायकों की क्रॉस वोटिंग के बाद कांग्रेस सकते में है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि वे इस मामले की जांच कराएंगे। क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों को चिह्नित किए जाने की शुरुआत हो गई है। प्रारंभिक जांच में 6 विधायक मालवा-निमाढ़ से और 6 विधायक महाकौशल से होने की जानकारी सामने आई है, जो आदिवासी वर्ग से हैं। बाकी 5 विधायक जिनके वोट रिजेक्ट हुए हैं, वे सामान्य वर्ग से हैं। इनके ग्वालियर, चंबल और बुंदेलखंड से होने की जानकारी सामने आई है। पूर्व मंत्री मुकेश नायक ने कहा है कि क्रॉस वोटिंग करने वाले आस्तीन के सांप हैं। चुनाव के पहले कांग्रेस के विधायक उमंग सिंघार ने आरोप लगाया था कि उन्हें द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में वोट करने के लिए 1 करोड़रुपए देने का आफर आया था, जिसका वे खुलासा भी कर चुके हैं। इसी तरह एक अन्य आदिवासी विधायक से संपर्क कर कहा गया था कि उन्हें एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे और नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में कलेक्टर और एसपी स्तर पर मदद करवाने का आश्वासन दिया गया था।

#### नई दिल्ली स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर आधी रात को महिला से गैंगरेप



**आरोपी रेलवे के ही कर्मचारी**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया जाता है कि सामूहिक बलात्कार की यह वारदात रेलवे स्टेशन के किसी अंधेरे इलाके में नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म पर ही हुई। जहां एक रूम में एक महिला के साथ दो लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया। मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें दो इनका साथ देने वाले आरोपी हैं। चारों आरोपी रेलवे के कर्मचारी बताए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि पीड़िता महिला की उम्र 28 से 30 साल के बीच है। उसकी यहां आरोपियों में से एक से कुछ समय पहले जान-पहचान हुई थी। गुरुवार-शुक्रवार रात को एक आरोपी ने पीड़ित महिला को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर किसी बहाने से बुला लिया।

## उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले विपक्ष में घमासान

### टीएमसी ने वोटिंग से हाथ खींचा तो मार्गरेट अल्वा बोलीं- गुस्सा और अहंकार छोड़कर साथ आइए



**नई दिल्ली एजेंसी।** अगस्त को उपराष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव से पहले विपक्षी एकता की गांठ ढीली पड़ती दिख रही है। पश्चिम बंगाल की ष्टरू और तृणमूल कांग्रेस की प्रेसिडेंट ममता बनर्जी ने वोटिंग से दूर रहने का ऐलान कर दिया है। इसके बाद विपक्ष के नेता उन्हें मनाने में जुट गए हैं। इधर, विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा ने भी ममता से साथ आने की अपील की है। हालांकि अल्वा के शब्दों में निराशा, अनुरोध के साथ थोड़ी तल्खी भी दिखी। अल्वा ने शुक्रवार को ममता से कहा कि मतदान से दूर रहने का टीएमसी का फैसला निराशाजनक है। यह किसी बात, अहंकार या क्रोध का समय नहीं है। यह साहस, नेतृत्व और एकता का समय है। मुझे विश्वास है कि साहस की प्रतिमूर्ति ममता विपक्ष के साथ खड़ी रहेंगीं। तृणमूल कांग्रेस ने उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान से दूर रहने का फैसला किया है। ऐसा इसलिए क्योंकि वह पार्टी को लूप में रखे बिना विपक्षी उम्मीदवार का फैसला करने के तरीके से सहमत नहीं है। पश्चिम बंगाल की सीएमममता बनर्जी ने 22 जुलाई को टीएमसी सांसदों के साथ बैठक के बाद यह निर्णय लिया।

## शिक्षक भर्ती घोटाले में ममता बनर्जी के मंत्री पार्थ चटर्जी को ED ने किया गिरफ्तार

**कोलकाता,एजेंसी।** बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती घोटाले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ममता बनर्जी के करीबी और मौजूदा सरकार में उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार कर लिया है। पार्थ चटर्जी पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री रहते शिक्षक भर्ती में भ्रष्टाचार करने के आरोप हैं। शुक्रवार को पार्थ चटर्जी को उनके करीबियों के यहां ईडी ने छापे मारे थे। इस दौरान उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी के घर से 20 करोड़ रुपए कैश और महंगे मोबाइल मिले थे। आगे की पूछताछ में पार्थ चटर्जी यह नहीं बता सके कि यह रकम कहां से



**करीबी अर्पिता मुखर्जी के घर से मिले थे 20 करोड़**

आई थी। इसके बाद ईडी ने आज पार्थ को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के मौजूदा उद्योग और संसदीय कार्य मंत्री और पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और शिक्षा राज्य मंत्री परेश चंद्र अधिकारी के आवासों समेत 14 जगहों पर छापेमारी की गई। इस दौरान दक्षिण 24 परगना में मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के घर से 20 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए। माना जा रहा है कि यह वही रकम है जो शिक्षक भर्ती घोटाले में रिश्वत के तौर पर ली गई थी। छापेमारी के दौरान लंबी पूछताछ के कारण पार्थ चटर्जी की तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद ईडी ने डॉक्टरों को बुलाकर घर पर ही इलाज कराया।छापामारी के दौरान दक्षिण 24 परगना के हरिदेवपुर स्थित डायमंड सिटी साउथ स्थित मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के घर से 20 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए हैं। इन पैसों को दो थैलियों में छिपाकर रखा गया था। इसके अलावा अर्पिता के घर से 20 कीमती मोबाइल फोन, सोना, विदेशी मुद्रा, जमीन के दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं।

## नदी में गिरे टाइगर के रेस्क्यू

### बांध का फ्लो कम किया गया, ड्रोन से निगरानी की गई; नाव-डंडे के सहारे बचा ली जान

**लखीमपुर-खीरी/ बहराइच,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में गेरुआ नदी में गिरे टाइगर को 5 घंटे की कोशिशों के बाद बचा लिया गया। हालांकि, इसके लिए वन विभाग की टीम को काफी मुश्किल हुई। रेस्क्यू के लिए ड्रोन का उपयोग भी किया गया। अब सोशल मीडिया पर इस रेस्क्यू का वीडियो और फोटो वायरल हो रहे हैं। घटना गुरुवार दोपहर करीब 11 बजे की है। गिरिजा बैराज घूमने आए लोगों ने टाइगर को नदी में जाते देखा। वह बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन तेज बहाव के कारण कामयाब नहीं हो पा रहा था। फिर वन विभाग को इसकी सूचना दी गई।वन विभाग की रेस्क्यू टीम की अगुआई खुद डीएफओ आकाशदीप बधावन ने की।

## कोटा में दिखी बादलों की अजीब आकृति

**कोटा,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश और बिहार के छोड़कर देश के लगभग सभी राज्यों में मानसून मेहरबान है। राजस्थान में भी झमाझम बारिश हो रही है और इसी दौरान गुरुवार को भारी बारिश के बीच कोटा के पास चोमा गांव में बादलों की एक अजीबोगरीब आकृति देखकर लोग हैरान हो गए। यहां खेतों में पानी का बवंडर दिखाई दिया। पानी जमीन से आसमान की ओर जाता हुआ दिख रहा था। यह दृश्य देख गांव के ग्रामीण दहशत में आ गए। यहां कई लोगों ने कुदरत के इस नजारे को मोबाइल में कैद किया। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर चोमा गांव का यह वीडियो वायरल हो गया, जिसमें देख जा सकता है कि जमीन से खेतों का पानी बवंडर की तरह उठकर बादलों की ओर घूमता हुआ जा रहा है। ऊपर की तरफ बादलों की एक पाइप जैसी आकृति दिखाई दी, जिसमें सिमटकर पानी जाता हुआ दिख रहा है। जिले में यह कौतूहल का विषय बन गया। लोग अभी तक इस करिश्मे को समझ नहीं पाए हैं।



**वीडियो वायरल, इन राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट**

## केरल में मिला मंकीपॉक्स का तीसरा मरीज

### महाराष्ट्र, तमिलनाडु के बाद बंगाल में कोरोना के नए केस दो हजार के पार

**नई दिल्ली एजेंसी।** केरल में मंकीपॉक्स वायरस से संक्रमित तीसरा मरीज मिला है। इससे पहले राज्य में दो मरीज मिल चुके हैं। 35 साल के मलप्पुरम के रहने वाले युवक के मंकीपॉक्स से संक्रमित होने की पुष्टि शुक्रवार को हुई। पहले मिले दोनों मरीजों की हालत स्थिर है। इन तीनों मरीजों के संपर्क में आने वाले सभी लोगों की निगरानी की जा रही है। साल 2021 में नोरोवायरस के मरीज भी सबसे पहले केरल में ही मिले। इधर, देश में कोरोना वैक्सीनेशन का आंकड़ा भले ही 201 करोड़ के पार पहुंच गया हो, लेकिन कई राज्य ऐसे हैं जहां कोरोना थमने का नाम नहीं ले रहा है।

### प्लेसमेंट-एजेंसी से नाबालिग आदिवासी लड़कियां बेची जा रही थीं

## मानव तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, 10 को बचाया

**नई दिल्ली एजेंसी।** राष्ट्रीय दिल्ली में अवैध रूप से चल रही एक प्लेसमेंट एजेंसी पैसे का लालच देकर झारखंड से नाबालिग आदिवासी लड़कियों को लाई। इन लड़कियों को दिल्ली पुलिस ने तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। यह खेल 10 साल से चल रहा था। नोबेल विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित बचपन बचाओ आंदोलन(बीबीए) ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग(एनसीपीसीआर), एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट(एएचटीयू) और दिल्ली पुलिस के सहयोग से साउथ दिल्ली में चल रहे अवैध प्लेसमेंट एजेंसी से आदिवासी लड़कियों को छुड़वाया गया। यह सभी ट्रैफिकिंग के जरिए झारखंड के दक्षिणी सिंहभूम जिले से अच्छे काम और पैसे की लालच देकर लाई गई थीं। पुलिस ने मामले में पांच ट्रैफिकर्स की पहचान की है, जिनमें से दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इन लड़कियों की उम्र 13 से 17 साल के बीच है। सभी लड़कियों का मेडिकल टेस्ट करवाया गया और इसके बाद इन्हें चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सामने पेश किया जाएगा। बीबीए के निदेशक मनीश शर्मा ने कहा, 'हमारा संगठन उन प्लेसमेंट एजेंसियों के खिलाफ है, जो गरीबों के बच्चों को बहला-फुसलाकर ट्रैफिकिंग का शिकार बनाती हैं।' हम सरकार से आग्रह करते हैं कि वह आने वाले समय में ऐसी अवैध प्लेसमेंट एजेंसियों के खिलाफ एक कठोर कानून लाए।'ऐसे मामले सामने आते रहे हैं जब दूसरे राज्यों से लड़कियों को अच्छे काम और पैसे के लालच में ट्रैफिकिंग के जरिए लाया जाता है। पिछले महीने ही दिल्ली के ही एक इलाके से दो बहनों को छुड़ाया गया। इन्हें ट्रैफिकिंग के जरिए बहला-फुसलाकर लाया गया था।



### 8 अगस्त तक बताओ ,शिवसेना का बॉस कौन?

## शिंदे-ठाकरे को चुनाव आयोग का नोटिस

**नई दिल्ली एजेंसी।** महाराष्ट्र में नई सरकार का गठन तो हो गया, लेकिन शिवसेना पर दावेदारी को लेकर लड़ाई अभी भी जारी है। चुनाव आयोग ने उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे दोनों को यह साबित करने के लिए दस्तावेजी सबूत पेश करने को कहा है कि उनके पास शिवसेना में बहुमत है। दोनों गुटों को 8 अगस्त को दोपहर 1 बजे तक जवाब देने को कहा गया है। इसके बाद चुनाव आयोग शिवसेना के दोनों गुटों के दावों और विवादों को लेकर सुनवाई करेगा। असली शिवसेना को लेकर चल रही खींचतान चुनाव आयोग तक पहुंच गई है। शिंदे गुट और ठाकरे गुट ने आयोग के समक्ष पार्टी को लेकर दावेदारी पेश किया है।उद्धव ठाकरे के खेमे के अनिल देसाई ने कई मौकों पर चुनाव आयोग को पत्र लिखकर यह दावा किया था कि पार्टी के कुछ सदस्य पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल हैं। उन्होंने शिंदे गुट द्वारा शिवसेना या बाला साहब नामों का उपयोग करके किसी भी राजनीतिक दल की स्थापना पर भी आपत्ति जताई थी। अनिल देसाई ने एकनाथ शिंदे, गुलाबराव पाटिल, तांजी सावंत और उदय सामंत को पार्टी के सभी पदों से हटाने की मांग भी की थी।वहीं, एकनाथ शिंदे खेमे द्वारा चुनाव चिन्ह (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968 के पैरा 15 के तहत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले समूह को शिवसेना घोषित करने और पार्टी का चुनाव चिन्ह धनुष और तीर उन्हें आवंटित करने के लिए याचिका दायर की गई थी।



### अब बड़े मामलों की जांच सीबीआई को देने की तैयारी

महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन के बाद एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस की नई सरकार ने उद्धव ठाकरे के मुख्यमंत्री रहते हुए लिए गए कई फैसलों को पलट दिया। इसके बाद एक कदम और आगे बढ़ाते हुए इस नई सरकार ने ठाकरे के कार्यकाल के दौरान के कुछ अहम मामलों की जांच सीबीआई को सौंपने की तैयारी कर ली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों से यह खबर मिली है कि नई सरकार अहम मामलों की जांच महाराष्ट्र पुलिस के हाथ से सीबीआई को सौंपने की तैयारी कर रही है। साथ ही यह भी बताया गया है कि भाजपा नेता गिरीश महाजन सहित 28 अन्य लोगों के खिलाफ जबरन वसूली का मामला भी दर्ज किया गया है। साथ ही आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला को संकट में डालने वाली फोन टैपिंग रिपोर्ट के लीक होने से संबंधित मामले को भी सीबीआई को ट्रांसफर करने का आदेश जारी किया गया है।




## मध्य प्रदेश के 29 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट

**भोपाल,यशभारत।** मध्य प्रदेश में एक ओर बारिश से जहां कुछ इलाकों में किसानों के चेहरे खिले हुए हैं, वहीं कुछ जगहों पर भारी बारिश परेशानी का सबब बनकर आई है। सूबे के अधिकांश हिस्सों में रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी है। ग्वालियर-चंबल में भारी बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं। खेतों में भी पानी भर गया है। बारिश की वजह से चंबल नदी का जलस्तर 4 मिलीमीटर तक बढ़ गया है। वहीं मौसम विभाग ने सूबे के 29 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कहा है कि इन जिलों में 24 घंटे बारिश जारी रहेगी। मौसम विभाग ने कहा है कि पन्ना, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, राजगढ़, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, अनूपपुर, जबलपुर, दमोह, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, श्योपुर, दतिया,भोपाल, सीहोर, होशंगाबाद, रायसेन, हरदा, बैतूल, छतरपुर और शहडोल जिले में बारिश जारी रहेगी।

# राहु -केतु का प्रभाव है कालसर्प योग

**जबलपुर यश भारत। श्रावण मास में भगवान शंकर की पूजा का विशेष महत्व है ज्योतिष की दृष्टि से देखें तो लोग सबसे ज्यादा भयभीत कालसर्प योग से होते हैं और इसके निवारण के लिए भी भगवान शिव की पूजा की जाती है। ऐसे में जीवन ज्योतिष ने यश भारत संचालक आशीष शुक्ला द्वारा ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास से कालसर्प योग के कारणों और निवारण पर विस्तृत चर्चा की गई।**




वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

चर्चा की शुरुआत आशीष शुक्ला ने सवाल किया कि कालसर्प योग वास्तव में होता क्या है। इसके जवाब में पंडित लोकेश व्यास ने बताया कि हिंदू धर्म शास्त्रों में कालसर्प योग का उल्लेख कहीं भी नहीं है। यह पिछले 20 वर्षों से धीरे-धीरे ज्योतिष के अध्ययन के दौरान सामने आया है। जो वास्तव में राहु का प्रभाव होता है। जिसके आधार पर इसे दो भागों में बांटा गया है उदित और अनुदित। जिसके अलग-अलग प्रभाव होते हैं। जिस व्यक्ति के जीवन में राहु की स्थिति बिगड़ी हुई होती है उनके जीवन में कालसर्प योग माना जाता है। कई बड़ी हस्ती है जिनके जीवन में कालसर्प योग रहा जिसमें सचिन तेंदुलकर ,लता मंगेशकर आचार्य रजनीश ओशो, महारानी विक्टोरिया मार्गेट अल्वा के नाम शामिल है।

कालसर्प योग की उत्पत्ति के विषय में बताया गया कि राहु को साँप का मुंह और केतु को उसकी पूंछ माना जाता है और उनके अधिपति देवता भी साँप है। जिस के जीवन में राहु की स्थिति बिगड़ी हुई है तो उसे कालसर्प योग से जोड़कर देखा जाता है। ज्योतिष संबंधित किताबों में इसका उल्लेख पिछले 20 सालों से ही मिल रहा है इसके पहले इसका कोई उल्लेख नहीं था।




यश भारत जीवन ज्योतिष में ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास से चर्चा करते हुए यश भारत संस्थापक आशीष शुक्ला

वही बिना कालसर्प योग के पूजन के इस से निजात के लिए उन्होंने बताया कि जातक को भगवान शिव कि हमेशा पूजन अर्चन करना चाहिए। साथ ही जल में काली तिल डालकर भगवान शंकर को अर्पित करना चाहिए। साथ ही बुधवारी और शनिवारी अमावस्या पर विशेष रूप से इस बात का ध्यान रखना चाहिए। जिससे कालसर्प योग का भय कम होता है। अन्यथा इस तरह के व्यक्ति को नींद आने में समस्या, संबंध विच्छेद, एक्सीडेंट, पानी से डर, ठंडी जगहों से भय बना रहता है।

इसके पूर्व प्रसारित हुए जीवन ज्योतिष के दौरान ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास द्वारा नगर निगम चुनावों में जगत बहादुर सिंह अन्नू और डॉ. जामदार की कुंडलियों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया था। जिसके बाद उन्होंने यह निष्कर्ष दिया था कि अन्नू के जीतने की संभावना प्रबल है। और उस अनुरूप ही परिणाम आए। जिसमें अन्नू ने विजयश्री प्राप्त की। जिसका आकलन ज्योतिष गणनाओं के आधार पर पहले ही किया गया था। जिसको लेकर यश भारत के संचालक आशीष शुक्ला द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी गई।

## घर के अलावा कहीं भी करा सकते हैं कालसर्प योग की पूजा

चर्चा के दौरान पूछा गया कि एक कमजोर आर्थिक स्थिति का व्यक्ति यदि कालसर्प योग से ग्रसित है तो उसका पूजन कहां करवा जा सकता है। इसके जवाब में पंडित लोकेश बताया कि कालसर्प योग का पूजन घर के अलावा कहीं भी हो सकता है चाहे वह कोई भी शिव मंदिर हो या नदी तट हो। त्र्यम्बकेश्वर में इसकी पूजन का विशेष महत्व है, लेकिन नदी के तट या किसी अन्य शिव मंदिर में भी पूजन करने पर उतना ही फल प्राप्त होता है। बस शर्त यह है की पूजन पूर्ण विधि विधान से होना चाहिए। वही जीवन में कितनी बार इसका पूजन कराना चाहिए इसके विषय में बताया गया कि भगवान शिव का पूजन तो कालसर्प योग वाले व्यक्ति को जीवन भर करना चाहिए। लेकिन राहु का 18000 मंत्रों का जाप होता है लेकिन कलयुग में इसे 4 गुना करना होता है। इस कारण यह एक दिन ने संभव नहीं है जिसके चलते यह अनुष्ठान कभी-कभी दो या अधिक बार में पूर्ण कराए जाते हैं।

# कटनी में बनेगा इंटीग्रेटेड खेल मैदान



**कटनी, यशभारत।** विकास की विभिन्न उपलब्धि में आज एक और नया अध्याय जुड़ गया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद वीडी शर्मा के प्रयास से कटनी को इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की स्वीकृति मिल गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का ध्यानाकर्षण कराए जाने के बाद सीएम श्री सिंह ने कटनी में सांसद खेल महोत्सव के कार्यक्रम में वर्चुअली सम्बोधन में इसकी घोषणा की थी, इस खेल परिसर का नाम पंडित दीनदयाल उपाध्याय खेल परिसर होगा। आज मध्य प्रदेश सरकार खेल विभाग ने इसकी स्वीकृति के आदेश जारी कर दिए। इस इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण 10 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से होगा। जिसमें 10 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न निर्माण कार्य किये जायेंगे जो खेल तथा खिलाड़ियों को उच्च स्तर की सुविधा प्रदान करेंगे। जबकि इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में 26 लाख रुपये से जरूरी उपकरण खरीदे जाएंगे। कटनी में खेल तथा खिलाड़ियों के आज का दिन ऐतिहासिक है। खजुराहो कटनी के सांसद वीडी शर्मा ने कटनी ज़िले की वर्षों पुरानी इस मांग को लेकर जो प्रयास किये उन्हीं का प्रतिफल है कि आज कटनी को यह बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। कटनी में सांसद खेल महोत्सव के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं खेल से जुड़े लोगों तथा खिलाड़ियों की एक उन्नत स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की मांग की गई थी। जल्द ही इस इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण कार्य प्रारम्भ होकर कटनी के खेल क्षेत्र में विकास का नया आयाम स्थापित होगा। कटनी के प्रत्येक नागरिक इस उपलब्धि के लिए सांसद श्री शर्मा तथा मुख्यमंत्री श्री चौहान का ह्रदय से आभार व्यक्त करते हैं। प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, विधायक गण संदीप जायसवाल संजय पाठक, प्रणय पांडे सहित समस्त भाजपाजनों खेल से जुड़े संगठनों तथा खिलाड़ियों ने इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री व सांसद का आभार प्रगट किया है

## लंबे समय से चल रही थी मांग

विगत अप्रैल माह में सांसद खेल महोत्सव के समापन पर विधायक श्री जायसवाल ने मंच से प्रदेश अध्यक्ष तथा क्षेत्रीय सांसद का ध्यान आकर्षित कराया कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े मुख्यमंत्री के समक्ष भी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की मांग रखी जिसे पूरा करने की घोषणा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने रखी थी। इसके उपरांत सांसद वीडी शर्मा ने निरन्तर इस मांग को पूरा करने के लिए प्रयास किये। विधायक श्री जायसवाल ने प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा को पत्र लिखा था जिसके जवाब में प्रभारी



मंत्री की ओर से कटनी में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की मांग को लेकर अपनी सहमति तथा स्वीकृति भी प्रदान की थी। सभी के समन्वित प्रयास के बाद आज खेल विभाग की ओर से सवा 10 करोड़ की लागत से बनने वाले स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की स्वीकृति प्रदान की गई। इस स्वीकृति पर विधायक संदीप जायसवाल ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा का आभार व्यक्त किया है।



# 51 फीट की कांवड़ लेकर पहुंचे कटनी के शिवभक्त कांवरिया

**कटनी, यशभारत।** श्रावणी मेला में तरह-तरह के आने वाले कांवरियों की कड़ी में काफी कांवरिया शामिल हैं। बुधवार की देर शाम कटनी मध्य प्रदेश से 51 फीट का कांवर लेकर गिरजा घाट गोविंद सरकार बोलबम कमेटी कटनी, मध्य प्रदेश के कांवरिया पहुंचे। नमामि गंगे घाट पर पहुंचे इन कांवरियों ने बताया कि बुधवार की देर रात हम लोग 51 फीट की कांवर जिसपर 12 ज्योतिर्लिंग बने हुए हैं उठाऐंगे। कटनी से पहुंचे इन कांवरियों ने कहा कि हम लोगों के साथ 140 सदस्य हैं जिसमें 35 महिला शामिल हैं। हम लोग अजगैवीनाथ धाम से चल कर सोमवार को बैद्यनाथ धाम पहुंचेंगे और भोलेनाथ को जल अर्पण करेंगे।

## यशस्वी शर्मा ने 12वीं में किया बेहतरीन प्रदर्शन



**कटनी, यशभारत।** कल घोषित सीबीएसई परिणामों ने कटनी के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसी क्रम में डीएवी केलदरीज पब्लिक स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा यशस्वी शर्मा ने बायो साइंस विषय में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार एवं स्कूल का नाम गौरान्वित किया है। बायो एंड फिजिक्स विषय में इन्होंने सर्वाधिक 92 अंक प्राप्त किए। बचपन से ही मेधावी छात्रा रही यशस्वी रघुनाथगंज स्थित गौर भवन निवासी लक्ष्मी नारायण शर्मा की सुपुत्री है। स्कूल के समस्त शिक्षक एवं परिवारजनों द्वारा यशस्वी के भविष्य की मंगल कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

# चुनाव समाप्त, अब स्वच्छता की बारी

**कटनी, यशभारत।** निगमायुक्त के निर्देशन में नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के उद्धेश्य से निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर के मुख्य मार्गों सहित डिवाइडर, डस्टबिन, छोटे एवं बड़े नाले-नालियों की सफाई एवं डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य रोजाना कराया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसके साथ ही सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के दौरान नगर के विभिन्ना कचरे के प्वाइंटों की सफाई एवं डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के दौरान कराया गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को प्रथम पाली की सफाई व्यवस्था के दौरान कृषि उपज मंडी, पहरूआ स्कूल एवं रविदास मंदिर के पास, कृषि उपज मंडी पहुंच मार्ग, शासकीय हाईस्कूल कुठला में साफ सफाई एवं शौचालय की सफाई, बस स्टैंड परिसर, मुक्तिधाम पॉइंट, चांडक चौक प्वाइंट, आजाद चौक, शेर चौक, मिशन चौक, गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड स्थित स्वर्णकार स्कूल के आस पास, महात्मा गांधी वार्ड की विभिन्ना गलियों, जयप्रकाश वार्ड नई बस्ती, राम जानकी हनुमान वार्ड रोशन नगर बड़ी मस्जिद के सामने, आंबेडकर वार्ड गायत्री नगर, रघुनाथ गंज वार्ड झंडा बाजार, घंटाघर देशी शराब दुकान के पास, ईश्वरीपुरा वार्ड मिशन चौक छोटा मैदान, सिविल लाइन, स्टेट बेंक प्वाइंट, अलका होटल फूल मंडी से मिशन चौक मुख्य मार्ग, भट्टा मोहल्ला की विभिन्ना गलियों, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के विभिन्ना स्थलों, माधवनगर गेट, द्वारिका सिटी गेट के पास डिवाईडर के दोनों ओर, बरगवां मुख्य एवं बरगवां ओवर ब्रिज के नीचे के डिवाइडर के दोनों ओर, आचार्य विनोवा भावे वार्ड मुख्य मार्ग, रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड सहित नगर के विभिन्ना स्थलों की सफाई का कार्य कराया जाकर संग्रहित कचरे को कचरा प्लांट भेजा गया। नगर के विभिन्ना स्थलों के नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत पन्नाा मोड़ पेट्रोल पंप के पीछे, चंद्र शेखर आजाद वार्ड अवस्थी मैडम के घर के पीछे, जालपा देवी वार्ड स्थित तिलक राष्ट्रीय स्कूल के पास एवं मुख्य मार्ग सहित शेर चौक, महात्मा गांधी वार्ड बोरा गली, आंबेडकर वार्ड गायत्री नगर रजक जी के घर के सामने एवं अन्य विभिन्ना स्थलों, राम जानकी हनुमान वार्ड रोशन नगर रावत जी के मकान के पीछे एवं मुख्य मार्ग की नालियो, कावस जी वार्ड स्थित नालियों की झाडी झंकाडी की कटाई सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों के अपशिष्ट की सफाई कराई गई।



# सायबर जागरूकता के लिए कालेज के छात्रों को दिए अहम टिप्स

### स्लीमनाबाद कालेज में सायबर सेल प्रभारी उदयभान मिश्रा ने छात्रों से किया संवाद



**कटनी, यशभारत।** सायबर क्राइम सायबर फ्रॉड को लेकर पुलिस निरन्तर युवाओं खास कर छात्रों को जागरूक करने में जुटी है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देशानुसार सायबर क्राइम को लेकर छात्रों को जागरूक करने गत दिवस सायबर सेल प्रभारी एसआई उदयभान मिश्रा ने स्लीमनाबाद कालेज पहुंचकर छात्रों से संवाद किया तथा उन्हें जानकारी दी कि किस तरह वह सायबर फ्रॉड या सायबर क्राइम से बच सकते हैं। उन्होंने बिना पहचान वाले कॉल, स्पैम एसएमएस लाटरी लगने बीमा क्लेम अथवा डेबिट क्रेडिट कार्ड को लेकर आने वाले कॉल से सतर्क रहने के लिए बताया, इसी तरह श्री मिश्रा ने किसी से भी अपना कोई भी पासवर्ड यूपीआई ओटीपी शेयर करने के लिए भी आगाह किया बिना जानपहचान वाले व्यक्ति से फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिये दोस्ती या चैट करने से बचने की बात भी बताई, डेबिट क्रेडिट कार्ड का पिन चेंज करते रहने एवं इस पिन को किसी के साथ शेयर न करने स्पैम ईमेल को नहीं खोलने लालच वाले लिंक को नहीं खोलने के बारे में भी छात्रों को जागरूक किया। फ्राड होने पर किस तरह इसकी शिकायत अथवा इससे बचने के तरीकों को समझाया। कालेज के छात्रों में सायबर अपराधों को लेकर जिज्ञासा एवं प्रश्नों का समाधान किया। इस अवसर पर टीआई संजय दुबे, सायबर सेल से सत्येंद्र तथा कालेज की प्राचार्य सरिता पांडे भी उपस्थित थीं।

## मकान में सेंध लगाकर चोरी, नगदी व जेवर ले गए चोर

**कटनी, यशभारत।** दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसे चोरों ने वारदात को अंजाम दिया और नगदी सहित कीमती आभूषण लेकर चंपत हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना आदि किया और अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला कायम कर पतासाजी प्रारंभ कर दी है। घटना विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 11 की है, जहां चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। जानकारी अनुसार शशि प्रकाश पाठक और उनकी पत्नी गहरी नींद में सो रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने धावा बोला और घर के पिछले हिस्से की दीवार में सेंध लगाकर अंदर प्रवेश कर गए। जहां आलमारी के लॉकर में रखे नगदी रूपए और सोने चांदी के जेवरों पर हाथ साफ करके चंपत हो गए। सुबह जब पाठक परिवार नींद से जागा तो घर का सामान अस्त व्यस्त पड़ा था और आलमारी में रखा सामान गायब रहा। इसके बाद पाठक ने सूचना थाने में दी। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी गई है।

# अनियंत्रित होकर पलटा बकरियों से भरा ट्रक



**कटनी।** कटनी मैहर उचेहरा थाना अंतर्गत नागौद रोड स्थित हत्था बाबा के पास मोड़ में विगत रात एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक जबलपुर का बताया जा रहा है, जिसका नंबर एमपी 20 एचबी 6808 है जो कि खेत में पलट गया। बताया जा रहा है कि ट्रक में 40 से 50 बकरियां लदी थीं। ट्रक पलटने से सभी बकरियों की मौत हो गई। जिसे रातों रात रफा-दफा कर दिया गया। वहीं घटना के बाद ट्रक ड्राइवर भी फरार हो गया। वहीं मामला पुलिस के पास पहुंचने के बाद शुक्रवार सुबह क्रेन बुलवाई गई और ट्रक को खेत के बाहर किया गया।

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, शनिवार, 23 जुलाई 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# जनपद अध्यक्ष बनने दावेदारों ने शुरू की लॉबिंग

## सदस्यों की घेराबंदी, कराई जा रही तीर्थयात्रा, दिए जा रहे कई तरह के प्रलोभन

**कटनी, यशभारत।** जिले की आधा दर्जन जनपद पंचायतों में अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया कल से शुरू हो रही है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायतों में अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चुनाव दो चरणों मे कराया जाएगा। जिसमे विकासखण्ड विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा एवं बड़वारा का सम्मिलन बुधवार 27 जुलाई को एवं कटनी, बहोरीबंद एवं रीठी के जनपद पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का सम्मिलन गुरूवार 28 जुलाई को होगा। जनपदों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर सदस्यों की घेराबंदी शुरू हो गई है। अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाने के लिए दावेदारों द्वारा तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों को पचमढ़ी, शिर्डी, मथुरा, वृंदावन, प्रयागराज, बनारस की सैर कराई जा रही है। तरह-तरह के प्रलोभन दिए जा रहे हैं। अब इन प्रलोभनों का सदस्यों पर कितना असर होगा, यह तो जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव के बाद ही पता चलेगा। गौरतलब है कि जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों के चुनाव की तिथि घोषित हो चुकी है। पंचायतों के परिणाम घोषित होने बाद से ही अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए सदस्यों ने लॉबिंग शुरू कर दी थी। जनपद पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के सम्मिलन की तारीखों की घोषणा होने के पहले ही सदस्यों की घेराबंदी भी शुरू हो गई है। जिन जनपद पंचायतों में अध्यक्ष पद अनारक्षित है, वहां के सदस्यों को अपने-अपने खेमे में लाने के लिए दावेदार पूरी ताकत लगा रहे हैं। बहुमत के हिसाब से सदस्यों को धार्मिक स्थलों की सैर कराई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ जनपद पंचायत सदस्यों के घरों में हफ्ते भर पहले से ताला लटका हुआ है और परिवार सहित सैर-सपाटा कर रहे हैं। जो सदस्य बाहर हैं, उनसे भी दावेदार किसी न किसी माध्यम से संपर्क बनाया जा रहा है।

**उपसरपंच, जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चुनाव की तारीखें तय, कल से 6 दिन तक लगातार चलेगी प्रक्रिया**

### जनपदों में अध्यक्ष पद का आरक्षण

| जनपद पंचायत | आरक्षण |
|---|---|
| जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ | अनुसूचित जनजाति महिला |
| जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा | अनारक्षित मुक्त |
| जनपद पंचायत कटनी | अनुसूचित जनजाति महिला |
| जनपद पंचायत रीठी | अनारक्षित मुक्त |
| जनपद पंचायत बड़वारा | अनारक्षित महिला |
| जनपद पंचायत बहोरीबंद | अनुसूचित जाति मुक्त |

### 24, 25 एवं 26 को होगा उपसरपंच का चुनाव

ग्राम पंचायत के उपसरपंच, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के निर्वाचन व प्रथम सम्मिलन को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने विस्तृत निर्देश व कार्यक्रम जारी कर दिया है। जारी कार्यक्रम के मुताबिक ग्राम पंचायत के उपसरपंच के निर्वाचन हेतु सम्मिलन तीन चरणों मे होगा। विकासखण्ड विजयराघवगढ़ एवं ढीमरखेड़ा में रविवार 24 जुलाई की तिथि सम्मिलन हेतु निर्धारित की गई है। विकासखण्ड कटनी एवं बड़वारा में उपसरपंच के निर्वाचन हेतु 25 जुलाई की तिथि तय की गई है। विकासखण्ड रीठी और बहोरीबंद में 26 जुलाई को किया जाएगा।




### ग्राम पंचायतों में उपसरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| **ग्राम पंचायतों में उपसरपंच** | |
| विजयराघवगढ़-ढीमरखेड़ा | 24 जुलाई |
| कटनी-बड़वारा | 25 जुलाई |
| रीठी-बहोरीबंद | 26 जुलाई |
| **जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष** | |
| विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा, बड़वारा | 27 जुलाई |
| कटनी, बहोरीबंद एवं रीठी | 28 जुलाई |
| जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष | 29 जुलाई |
| ग्राम पंचायतों में प्रथम सम्मिलन | 2, 3, 4 अगस्त |
| जनपद पंचायतों में प्रथम सम्मिलन | 5-6 अगस्त |
| जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन | 8 अगस्त को |

### 2 चरणों में 3 जनपदों में होगा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव

आयोग के निर्देशानुसार जनपद पंचायतों में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निवार्चन दो चरणों में होगा। जिसमे विकासखण्ड विजयराघवगढ़ए, ढीमरखेड़ा एवं बड़वारा का सम्मिलन 27 जुलाई को कटनी, बहोरीबंद एवं रीठी के जनपद पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का सम्मिलन 28 जुलाई को होगा। इसी तरह जिला पंचायत अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का निर्वाचन 29 जुलाई को किया जायेगा। पंचायत, जनपद पंचायत व जिला पंचायत में प्रथम सम्मिलन के आयोजन की तिथियां भी निर्धारित की गई हैं। ग्राम पंचायतों का प्रथम सम्मिलन 2 अगस्त, 3 अगस्त व 4 अगस्त को होगा। जनपद पंचायतों के प्रथम सम्मिलन 5 व 6 अगस्त को और जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन निर्वाचन के बाद 8 अगस्त को आयोजित किया जाएगा।

### अनारक्षित सीटों में चुनाव को लेकर रहेगी गहमागहमी

जनपद पंचायत रीठी एवं ढीमरखेड़ा में जनपद पंचायत अध्यक्ष का पद अनारक्षित मुक्त के लिए आरक्षित है। इसी तरह बड़वारा में अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित है। इन तीनों जनपद पंचायत क्षेत्रों में राजनीतिक सरगर्मियां ज्यादा तेज हैं। सदस्यों के परिणामों की घोषणा होने के बाद ही सदस्यों की निगरानी शुरू हो गई थी। नवनिर्वाचित कई सदस्यों के घरों में ताले लटके हैं और परिवार सहित नदारद हैं। कटनी एवं विजयराघवगढ़ में अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति महिला एवं बहोरीबंद का अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति मुक्त के लिए आरक्षित है। यही कारण है कि रीठी, बड़वारा एवं ढीमरखेड़ा की तरह कटनी, विजयराघवगढ़ एवं बहोरीबंद में ज्यादा घमासान नहीं है। फिर भी यहां दावेदार सदस्यों को अपने पाले में रखने जोड़-तोड़ कर रहे हैं।

## पूर्व महापौर से मिली नई महापौर



नवनिर्वाचित महापौर श्रीमति प्रीति सूरी एवं संजीव सूरी ने पूर्व महापौर श्रीमति निर्मला पाठक के घर पहुंचकर नई जिम्मेदारी के लिए आशीर्वाद लिया। श्रीमती निर्मला पाठक ने प्रीति सूरी को शुभकामनाएं देते हुए शहर के विकास में द्रुतगति से कार्य करने की अपेक्षा जाहिर की।

## पटवारी, आरआई एवं लिपिक बन सकेंगे नायब तहसीलदार

**कटनी, यशभारत।** प्रदेश में पटवारी, राजस्व निरीक्षक और लिपिक नायब तहसीलदार बन सकेंगे। राजस्व विभाग ने विभागीय परीक्षा के माध्यम से नायब तहसीलदार के 62 पदों को भरने का निर्णय लिया है। इस खबर से कटनी जिले में भी कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त हो गया है। परीक्षा प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड पीईबी आयोजित करेगा। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से चयन सूची तैयार होगी। जानकारी के मुताबिक विभागीय कर्मचारियों द्वारा काफी समय से मांग की जा रही थी कि नायब तहसीलदार के रिक्त पदों पर सीमित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति की जाए। विभाग के बढ़ते काम और रिक्त पदों की स्थिति को देखते हुए नायब तहसीलदार के 62 पदों को विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरने का निर्णय लिया गया है। इससे लंबित राजस्व के प्रकरणों को सुलझाने में मदद मिलेगी। मध्य प्रदेश जूनियर सेवा नियम 2011 में पांच प्रतिशत पद लिपिक संवर्गए पटवारी और राजस्व निरीक्षक से सीमित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भरने का प्रविधान है।

## पुलिस ने बेटे पर बनाया फर्जी केस तो पिता ने लगा ली फांसी

### श्रीराजपूत करणी सेना ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग



**कटनी, यशभारत।** एनकेजे थाना प्रभारी पर फर्जी केस बनाने का आरोप लगाकर श्रीराजपूत करणी सेना ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि 2 जुलाई को एनकेजे पुलिस ने बजरिया क्षेत्र निवासी अमन सिंह राठौर को घर से थाना बुलाया और उसके खिलाफ फर्जी चाकू रखकर केस बना दिया। पुलिस की इस कार्रवाई के कारण बेटे पर फर्जी केस बनने से दुखी होकर अमन के पिता भगवान सिंह ने 5 जुलाई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। श्रीराजपूत करणी सेना ने ज्ञापन में एनकेजे थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग की है।

## अभा छत्रिय महासभा के अध्यक्ष बने गणेश



**कटनी, यशभारत।** शहर के प्रतिष्ठित चौहान परिवार के सदस्य गणेश चौहान की अखिल भारतीय छत्रिय महासभा के युवा जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई है। छत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गणेश चौहान की कार्यकुशलता कर्मठता सक्रियता को देखते हुए उन्हें छत्रिय महासभा का कटनी जिले का युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है इसकी नियुक्ति पर परिवारजन समाजजनों व स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## विद्युत मोटर पंप चोरी करने के आरोप में तीन गिरफ्तार, कुठला पुलिस की कार्रवाई

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत ग्राम घटखिरवा स्थित खेत से चोरी गए सब मर्सिबल पंप को बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है। चोरी के इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में कुछ और चोरी की वारदातों से पर्दा उठ सकता है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम घटखिरवा निवासी शिब्बूलाल पिता बाबूलाल दाहिया के टिहरा हार स्थित खेत में लगा विद्युत सबमर्सिबल पंप अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिया था। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की तो पुलिस को सफलता मिल गई और पंप चोरी करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि पंप चोरी करने के बाद आरोपियों ने स्कूल के पीछे जमीन में दफन कर दिया था और बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे थे लेकिन इसके पूर्व वो पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर विद्युत मोटर पंप बरामद कर लिया है और पूछताछ कर रही है। जिसमें चोरी की कुछ और वारदातों से भी पर्दा उठ सकता है।

## न्यायालय उठने तक न्यायालय में बैठे रहे भाई के साथ मारपीट करने के आरोपी

**कटनी, यशभारत।** न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी श्रीमती संजू तिवारी की न्यायालय ने भाई के साथ मारपीट करने के आरोपी सुशील पांडे को धारा 325 में 9000 का जुर्माना एवं न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी न्यायालय में पदस्थ सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी दीप्ति पटेल द्वारा की गई।

**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की न्यायालय ने सुनाया फैसला**

अभियोजन पक्ष के मुताबिक 14 जुलाई 2016 को दिन में लगभग 11:45 बजे जब फरियादी अपने घर पर था। उसी समय आरोपी सुशील पांडे अपने साथी शंकर लोधी के साथ उसके घर आया और बाहर आंगन का गेट खोले लगा। तब उसकी पत्नी मीरा पांडे ने बोला कि क्या बात है तो आरोपी सुशील पांडे उसे मां बहन की गंदी गंदी गालियां देकर धक्का दिया। जब फरियादी पत्नी को बचाने गया तो आरोपी शंकर ने उसे पकड़ लिया और सुशील पांडे ने उसका दाहिना हाथ मरोड़ दिया और गला पकड़ कर लिपट गया। आरोपी फरियादी को जान से मारने की धमकी दे रहा था। इस दौरान फूलचंद और अजय पांडे ने आकर बीच-बचाव किया। बाद में फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कैमोर में अपराध क्रमांक 120/2016 पर धारा 294, 325, 506 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले में विचारण न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी श्रीमती संजू तिवारी द्वारा विचारण उपरांत आरोपी को धारा 325 में दोषी पाते हुए 9000 रूपए के अर्थदंड एवं न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया है। साथ ही अर्थदंड की राशि में से 5000 रूपए प्रतिकर के रूप में फरियादी को दिलाए जाने का आदेश पारित किया है।

## लापरवाह जीप चालक को सश्रम कारावास

### न्याायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा की न्यायालय ने सुनाई सजा

**कटनी, यशभारत।** न्याायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा की न्यायालय ने सड़क दुर्घटना के एक मामले की सुनवाई करते हुए लापरवाह वाहन चालक ग्राम अतरसुमा निवासी 35 वर्षीय अनिल कुमार पिता पुरूषोत्तम हल्दकार को धारा 304ए में दो वर्ष सश्रम और 500 रूपए अर्थदंड व धारा 338 एक वर्ष सश्रम और 500 रूपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 21 फरवरी 2013 को प्रमोद कोरी व उसका मित्र धर्मेन्द्र हल्दकार मोटर सायकल से बैठकर सिलौड़ी से अतरसूमा जा रहे थे। उसीदौरान बीच रास्ते में दशरमन की ओर से आ रही जीप क्रमांक एम.पी.21-6894 के चालक ने लापरवाही पूर्व जीप चलाते हुए मोटर सायकल को टक्कर मार दी। जिसके कारण मोटर सायकल सवार धर्मेन्द्र हल्दकार व प्रमोद कोरी घायल हो गए। दोनों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान प्रमोद कोरी की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी जीप चालक अनिल हल्दकर के विरूद्ध धारा 304ए, 338 के तहत मामला दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। अभियोजन द्वारा साक्षियों का परीक्षण न्यायालय के समक्ष कराया गया। न्यायालय द्वारा अभियोजन के तर्क साक्षियों के कथनों पर विश्वास करते हुए आरोपी चालक को सजा सुनाई।



## आदित्य पांडे की सफलता

**कटनी, यशभारत।** सेंटपॉल स्कूल के कक्षा 10वीं सीबीएसई बोर्ड के छात्र आदित्य पांडे ने परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक अर्जित करने में सफलता प्राप्त की है। आदित्य प्रतिष्ठित नागरिक विश्वनाथ पांडे एवं श्रीमती सुनीता पांडे के पुत्र हैं। आदित्य को सभी विषयों में अच्छे अंक हासिल हुए हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं स्कूल के शिक्षकों को दिया है। इस सफलता पर छात्र को स्नेहीजनों, परिजनों, मित्रों एवं स्कूल स्टाफ ने शुभकामनाएं दी है।

## सीबीएसई बोर्ड जिले के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

### रिजल्ट घोषित होने के बाद खिले छात्रों के चेहरे

**कटनी, यशभारत।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। परिणामों में जिले के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कटनी जिले के साथ ही अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। केंद्रीय विद्यालय एनकेजे के प्राचार्य जितेन्द्र कुमार ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय एनकेजे में कक्षा दसवीं में 119 छात्र-छात्रा शामिल हुए। इसमें से 107 विद्यार्थी के साथ 89.91 प्रतिशत रिज ल्ट रहा। इसी तरह बारहवीं में 82 छात्र-छात्राओं में से 79 विद्यार्थियों के साथ 96.34 प्रतिशत रिजल्ट रहा, जिसमें विज्ञान संकाय के 44, वाणिज्य संकाय 37 एवं कला संकाय के 11, बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित हुए। कक्षा दसवीं में 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ रिमी विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं में 95.8 प्रतिशत के साथ आयुष नायक विज्ञान संकाय, 90.4 प्रतिशत अंको के साथ रितु खरे वाणिज्य संकाय व 92.4 प्रतिशत अंकों के सृष्टि मांद्रे कला संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी के प्राचार्य विनय सिंह ने बताया कि कक्षा दसवीं में विद्यालय की छात्रा प्रियल श्रीवास्तव ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा बारहवीं में वाणिज्य संकाय में शौर्या श्रीवास्तव ने 97.8 प्रतिशत व विज्ञान संकाय में पारस वंशकार ने 95.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।











# मिशन 2023 की तैयारियों में जुटेगी सरकार

## मुख्यमंत्री करेंगे विभागीय समीक्षा

**भोपाल ( यश भारत )।** पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब शिवराज सरकार मिशन 2023 की तैयारियों में जुटेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 15 अगस्त के बाद विभागीय समीक्षा की शुरुआत करेंगे। इसके लिए सभी विभागों से हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी मांगी गई है। साथ ही सितंबर 2023 तक पांच करोड़ रुपये या उससे अधिक राशि के शिलान्यास और लोकार्पण योग्य कामों की सूची भी मांगी गई है। समीक्षा में मंत्रियों के साथ विभागीय अधिकारी उपास्थित रहेंगे। प्रदेश में नवंबर-दिसंबर 2023 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में आचार संहिता प्रभावित हो सकती है। इसे देखते हुए सरकार ने अपने स्तर पर विधानसभा चुनाव की तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री 15 अगस्त के बाद विभागीय समीक्षा करेंगे। इसमें आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश की कार्ययोजना की पूर्ति की स्थिति, हितग्राहीमूलक योजनाओं की प्रगति, लोक सेवा गारंटी कानून के अंतर्गत लाई जाने वाली सेवाओं में वृद्धि के प्रस्ताव, निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे कार्य और अधोसंरचना विकास के कामों की समीक्षा की जाएगी। विभागों से सितंबर 2023 तक पांच करोड़ रुपये या उससे अधिक लागत के शिलान्यास और लोकार्पण योग्य कामों की सूची मांगी गई है ताकि कार्यक्रम तय किए जा सकें। इसके साथ ही सितंबर 2023 तक सिंगल क्लिक के माध्यम से एक बार में 50 करोड़ रुपये या इससे अधिक राशि के हितग्राहियों को




हितलाभ वाली योजनाओं की जानकारी मांगी गई है। सूत्रों का कहना है कि बैठक के बाद प्रतिमाह के कार्यक्रम तय होंगे। यह अलग-अलग जिलों में आयोजित होंगे, जिनमें मुख्यमंत्री हिस्सा लेंगे।

### रोजगार से जुड़े कार्यक्रमों की होगी समीक्षा

मुख्यमंत्री जल्द ही रोजगार से जुड़े कार्यक्रमों की समीक्षा भी करेंगे। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के साथ शहरी और ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शासकीय विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया भी इसी वर्ष प्रारंभ हो जाएगी। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों से स्वीकृत, भरे और रिक्त पदों की जानकारी मांगी है। इसके आधार पर भर्ती के कार्यक्रम तय किए जाएंगे।




## पटवारी, राजस्व निरीक्षक बनेंगे नायब तहसीलदार

### पीईबी से होगी भर्ती

**भोपाल ( यश भारत )।** प्रदेश में पटवारी, राजस्व निरीक्षक और लिपिक नायब तहसीलदार बन सकेंगे। राजस्व विभाग ने विभागीय परीक्षा के माध्यम से नायब तहसीलदार के 62 पदों को भरने का निर्णय लिया है। परीक्षा प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड (पीईबी) आयोजित करेगा। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से चयन सूची तैयार होगी।राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि विभागीय कर्मचारियों की काफी समय से मांग थी कि नायब तहसीलदार के रिक्त पदों पर सीमित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति की जाए। विभाग के बढ़ते काम और रिक्त पदों की स्थिति को देखते हुए नायब तहसीलदार के 62 पदों को विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरने का निर्णय लिया गया है।इससे लंबित राजस्व के प्रकरणों को सुलझाने में मदद मिलेगी। मध्य प्रदेश जूनियर सेवा नियम 2011 में पांच प्रतिशत पद लिपिक संवर्ग, पटवारी और राजस्व निरीक्षक से सीमित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भरने का प्रविधान है।




## सोशल मीडियासे दूरी के साथ एकाग्रता से साधा मेधावी विद्यार्थियों ने सफलता का लक्ष्य

### राजधानी के 80 सीबीएसई स्कूलों के लगभग 15 हजार विद्यार्थी 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे

### कई स्कूलों का परिणाम 100 प्रतिशत

**भोपाल ( यश भारत )।** सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं व 12वीं के परीक्षा नतीजों में इस बार भी लड़कियां आगे हैं। इस बार भी 10वीं व 12वीं में मेधावी की सूची में लड़कियों ने बाजी मारी है। वहीं 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने में राजधानी भोपाल की 500 से अधिक छात्राओं ने स्थान बनाया है। दसवीं व बारहवीं के टापर्स विद्यार्थियों ने कहा कि सेल्फ स्टडी कर सफलता पाई। कुछ ने कहा कि इंटरनेट मीडिया, मोबाइल से परीक्षा के दौरान दूरी बना ली, क्योंकि मोबाइल के इस्?तेमाल से मन में नकारात्मकता आती है। टापर्स का कहना है कि समय प्रबंधन कर हर दिन लक्ष्य तय कर एकाग्रता के साथ पढ़ाई की और सफलता पाई। उन्होंने कहा कि दो साल की पढ़ाई में आनलाइन कक्षा के माध्यम से कांसेप्ट के क्लियर किया। बता दें, कि इस साल सीबीएसई बोर्ड ने दो टर्म में परीक्षा का आयोजन किया था। फर्स्ट टर्म की परीक्षा नवंबर-दिसंबर 2021 में हुई थी। वहीं सेकेंड टर्म का आयोजन इस साल 26 अप्रैल से 15 जून तक किया गया था। सीबीएसई ने कक्षा 12वीं रिजल्ट को तैयार करते समय टर्म-2 को 70 प्रतिशत वेटेज दिया है, जबकि 12वीं की टर्म 1 को 30 प्रतिशत वेटेज दिया है। राजधानी से 80 सीबीएसई स्कूलों के 10वीं में 8339 विद्यार्थी और 12वीं में 7267 बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे।

**नाम- सिद्धार्थ अमलावद- 99त्न(पीसीएम)**

स्कूल- सागर पब्लिक स्कूल कंप्यूटर साइंस इंजीनियर बनना है सिद्धार्थ अमलावद का पसंदीदा विषय गणित है। उन्हें आगे चलकर कंप्यूटर साइंस ब्रांच से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करनी है। उन्होंने कहा कि वे हर दिन लक्ष्य तय कर तैयारी किया। इंटरनेट मीडिया पर ज्यादा एक्टिव नहीं हूं। सेल्फ स्टडी कर खुद ही तैयारी की। हर दिन समझकर पढ़ाई की और लक्ष्य को पूरा किया। जेईई परीक्षा मेरा लक्ष्य रहा और उसके लिए हर दिन सात से आठ घंटे की पढ़ाई की। माता-पिता का पूरा सहयोग मिला।

**नाम- मेघना खडक्कर- 99त्न(कामर्स)**

लगातार पढ़ने के बाद ब्रेक भी लेती थी मेघना खडक्कर ने कहा कि हर दिन समय प्रबंधन कर पढ़ाई की। लगातार पढ़ने के बाद जब थक जाती तो एक या दो घंटे के लिए ब्रेक भी लेती थी। इस दौरान बालीवुड फिल्में देखती थी। 10वीं के बाद से ही कांसेप्ट क्लियर की पढ़ाई की और इंटरनेट मीडिया पर एक्टिव रही, लेकिन परीक्षा के समय थोड़ी दूरी बना ली।

# मध्यप्रदेश की पहली यूथ महापचायत आज

## सीएम शिवराज सिंह चौहान करेंगे शुभारंभ

### केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर का आना कैंसिल

**भोपाल ( यश भारत )।** प्रदेश की पहली यूथ महापंचायत शनिवार को भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित होगी। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर का अचानक भोपाल आना कैंसिल हो गया है जबकि यूएनइपी के पूर्व कार्यपालक निदेशक ऐरिक साल्हिम विशिष्ट अतिथि के रूप में




मौजूद रहेंगे। दो दिवसीय यूथ महापंचायत में प्रदेशभर के चुनिंदा युवा भाग लेंगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दो दिवसीय यूथ महापंचायत में युवाओं से जुड़े विषयों पर छह सत्रों में विचार-विमर्श होगा। इसमें पर्यावरण और युवा सत्र में यूएनइपी के पूर्व कार्यपालक निदेशक ऐरिक साल्हिम मुख्य वक्ता होंगे। स्टार्टअप, मेरा मध्य प्रदेश, मेरा गौरव, युवा और सामाजिक विकास, एमपी के युवा चैंपियन, युवा और लोकतंत्र विषय पर चर्चा होगी। सभी सत्रों में विषय विशेषज्ञ अपना विचार रखेंगे और युवाओं के चर्चा करेंगे। यूथ महापंचायत के समापन सत्र में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया, उच्च शिक्षा मंत्री डा.मोहन यादव और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग द्वारा सभी सत्रों से प्राप्त निष्कर्षों एवं सुझावों पर आधारित युवा संकल्प का प्रारूप पारित किया जाएगा।



## अलग-अलग इलाकों में मोबाइल वैन के जरिए पहुंचकर लगाएंगे सतर्कता डोज

**भोपाल ( यश भारत )।** देश में 27 जुलाई से शुरू होने वाले कोरोना टीकाकरण सतर्कता डोज महाअभियान में मोबाइल टीम भी लगाई जाएंगी। इसके अलावा दस्तक अभियान के तहत घर-घर दस्तक देने वाली टीम से टीकाकरण कराने की तैयारी है। हालांकि, इस संबंध में अंतिम निर्णय एक-दो दिन बाद ही हो पाएगा। राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. संतोष शुक्ला ने बताया कि पिछले महाअभियानों में मोबाइल वैन से टीकाकरण में बड़ी सफलता मिली थी। कई कालोनियों में वैन भेजी गई थी, जहां बुजुर्गों को इकट्ठा कर टीका लगाया गया। श्रमिकों के कार्यस्थल पर भी मोबाइल वैन से टीकाकरण किया गया था। सतर्कता डोज लगाने में भी वही रणनीति अपनाई जाएगी।

# फिल्मांकन की अनुमति लोक सेवा गारंटी कानून के दायरे में लगाने की तैयारी

## फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बनाई नीति के परिणाम अब सामने आने लगे

### फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने मध्य प्रदेश ने बनाई पर्यटन नीति, अनुमतियों के लिए चक्कर लगाने से मिली मुक्ति

### फिल्म पर्यटन नीति के कारण फिल्म निर्माताओं का बढ़ा रुझान



**भोपाल ( यश भारत )।** मध्यप्रदेश में फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई फिल्म पर्यटन नीति के परिणाम अब सामने आने लगे हैं। प्रदेश में मिल रही सुविधाओं के कारण फिल्म निर्माताओं का रुझान बढ़ा है। फिल्मांकन के लिए आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने अब किसी को चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। एक ही जग से सभी अनुमतियां मिल जाती हैं। इसे अब लोक सेवा गारंटी कानून के दायरे में लाने की तैयारी है। मध्य प्रदेश को नेशनल फिल्म अवार्ड 2020 में मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है। प्रदेश में फिल्म निर्माण की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए फिल्म पर्यटन नीति 2020 लागू की गई है। इसमें फिल्मांकन की अनुमति अलग-अलग कार्यालयों की जगह एक स्थान से दिए जाने की व्यवस्था बनाई गई है। अंतरराष्ट्रीय फिल्म, टीवी सीरियल या वेब सीरीज के लिए अधिकतम 10 करोड़ रुपये तक अनुदान देने का प्रविधान किया गया है। वहीं, राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए 25 प्रतिशत या दो करोड़ रुपये, टीवी सीरियल अथवा वेब सीरीज के लिए 25 प्रतिशत या एक करोड़ रुपये तक अनुदान देने की व्यवस्था है। इसी तरह डाक्यूमेंट्री के लिए अधिकतम 40 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। राज्य के स्थानीय कलाकारों को फिल्म निर्माण में लेने पर 25 लाख रुपये अतिरिक्त देने का प्रविधान है। फिल्म से संबंधित अधोसंरचना विकास पर 30 प्रतिशत तक अनुदान के साथ फिल्म से जुड़े अमले के लिए पर्यटन विभाग के होटल और रिसार्ट में ठहरने पर 40 प्रतिशत छूट दी जाती है। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में फिल्म उद्योग के विकास के लिए फिल्म सिटी, फिल्म स्टूडियो, कौशल विकास केंद्र आदि स्थापित करने निजी निवेश को प्रोत्साहन और भूमि देने का प्रविधान भी नीति में किया गया है। फिल्म सिटी के निर्माण के लिए विभिन्न् जिलों में भूमि भी आरक्षित की जा रही है। अभी तक प्रदेश में 90 से ज्यादा फिल्म, सीरियल और वेब सीरीज की शूटिंग हो चुकी है।

### मुख्यमंत्री ने दी बधाई, कहा- मध्य प्रदेश आएं, स्वागत है

मध्य प्रदेश को मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट पुरस्कार दिए जाने की घोषणा पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के नागरिकों, पर्यटन विभाग के अधिकारियों एवं फिल्म उद्योग से जुड़े सभी साथियों को बधाई दी है। उन्होंने सभी पर्यटकों को प्राकृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों के सौंदर्य से समृद्ध मध्य प्रदेश आने के लिए आमंत्रित किया है। साथ ही फिल्म निर्माताओं से आग्रह किया है कि मप्र की अनुकूल परिस्थितियों और वातावरण का लाभ उठाकर फिल्म निर्माण कीजिए। मप्र में आप सभी का स्वागत है। वहीं, पर्यटन और संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर और प्रमुख सचिव पर्यटन शिव शेखर शुक्ला ने इस उपलब्धि को गौरव का विषय बताया।

# बुरहानपुर बना देश का पहला हर घर जल प्रमाणित जिला

### जल जीवन मिशन के तहत जिले के सभी 254 गांव के प्रत्येक घर जल योजना से पहुंचाया पानी

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दी बधाई, मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री के प्रयासों से ग्रामीणों के जीवन में हो रहा है आनंद का संचार

**भोपाल ( यश भारत )।** मध्यप्रदेश का बुरहानपुर जिला देश का पहला हर घर जल प्रमाणित जिला बन गया है। जिले के 254 गांव के प्रत्येक घर में जल योजना के माध्यम से पानी पहुंचाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुरहानपुर की इस उपलब्धि पर जिलेवासियों के साथ शिवराज सरकार को बधाई दी।उन्होंने कहा कि सामूहिक भावना और मिशन मोड में किए गए प्रयासों के बिना यह संभव नहीं था। वहीं, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से ग्रामीणों के जीवन में आनंद का संचार हो रहा है। हर घर नल से जल उपलब्ध कराने के लक्ष्य की ओर मध्य प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरहानपुर जिले ने जल जीवन मिशन से हर घर में नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाने की गौरवपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। यहां के सभी 254 गांव के एक लाख एक हजार पांच परिवारों को नल कनेक्शन



दिया गया। जल जीवन मिशन में अब तक प्रदेश के 51 लाख 15 हजार से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। रविवार को होगी मुख्यमंत्री परिषद की बैठक, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लेंगे हिस्सा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार को दिल्ली में मुख्यमंत्री परिषद की बैठक होगी। इसमें भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री हिस्सा लेंगे। बैठक में अधोसंरचना विकास, हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन, कृषि विकास सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी। बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाग लेंगे।मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि बैठक में केंद्र सरकार की विभिन्न् योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की जाएगी। इसमें कृषि, खाद्य सुरक्षा, अधोसंरचना विकास, सुशासन, हितग्राहीमूलक योजनाओं का क्रियान्वयन सहित अन्य विषय शामिल हैं। मध्य प्रदेश में इस दिशा में उठाए गए कदमों की रिपोर्ट तैयार की गई है, जिसे मुख्यमंत्री की अनुमति के बाद शनिवार को केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

## वर्षा से बचने अजनबी के घर में ली पनाह, गृहस्वामी के बेटे ने किया दुष्कर्म

**भोपाल ( यश भारत )।** राजधानी के नजीराबाद थाना इलाके पुलिस ने शाजापुर की रहने वाली एक 21 वर्षीय महिला की शिकायत पर नाय समन गांव के राहुल साहू नाम के युवक के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। देवधाम के दर्शन करने के लिए आई महिला ने वर्षा से बचने के लिए राहुल के घर में शरण ली थी। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। महिला ने गुरुवार दोपहर को थाने आकर बताया कि वह पिछले चार साल से मन्नत मांगने देवापुरा स्थित देवधाम पर आती रहती है। शाम हो चुकी थी और वर्षा भी होने लगी थी। उन्होंने रात उनके घर पर रुककर गुरुवार सुबह बैरसिया चले जाने का सुझाव दिया। वह उनके घर पर रुक गई। महिला का आरोप है कि रात के समय साहू परिवार के राहुल नाम के युवक ने डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद से आरोपित फरार चल रहा है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।



## 29 जुलाई को होगा जिला पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव

**भोपाल ( यश भारत )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव (ग्राम, जनपद और जिला) होने के बाद अब 29 जुलाई को जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने कलेक्टरों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को पीठासीन अधिकारी बनाया है। जिला पंचायत सदस्य अपने बीच से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। आयोग के सचिव राकेश सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत के उप सरपंच का चुनाव कराने के लिए प्रथम चरण के लिए 24 जुलाई, दूसरे चरण के लिए 25 जुलाई और तीसरे चरण के लिए 26 जुलाई को पंचों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर पीठासीन अधिकारी नियुक्त करेंगे। इसी तरह जनपद पंचायत के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए पहले चरण का सम्मेलन 27 और दूसरे चरण के लिए 28 जुलाई को होगा। जिला पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष 29 जुलाई को चुने जाएंगे। सम्मेलन आयोजित करने के लिए सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कहा गया है कि सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त रखी जाए।

# बीयू के यूटीडी के पांच कोर्सेस में प्रवेश अब सीयूईटी के माध्यम से होगा

## मप्र में बीयू के लिए भी एनटीए कर रही परीक्षा आयोजित, प्रदेश के कुछ अन्य विवि भी इस कतार में शामिल है

**भोपाल ( यश भारत )।** राजधानी के बरकतउल्ला विश्वविद्यालय(बीयू) के यूटीडी (यूनीवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट) में स्नातक स्तर के पांच कोर्स में प्रवेश के लिए अब सीयूईटी की परीक्षा पास करना होगी। केंद्रीय विवि प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी), राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा 15 जुलाई से देश के विभिन्न शहरों में आयोजित की जा रही है। बीयू भोपाल में यह पहली बार है, जब सीयूईटी के माध्यम से केंद्रीय विवि की तर्ज पर प्रवेश दिए जा रहे हैं। मप्र में इसके लिए भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और सतना में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बीयू प्रशासन के अनुसार इस बार शासन के आदेश के तहत विवि के यूटीडी से यूजी के बीए आनर्स, समाजशास्त्र, बीएससी आनर्स, बीकॉम आनर्स, बीपीएस सहित कुल पांच कोर्सेस में एडमिशन सीयूईटी के माध्यम से किए जा रहे हैं। इसके लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है।

### ला सहित अन्य विभाग प्रवेश परीक्षा से मुक्त

बीयू यूटीडी के ला डिपार्टमेंट सहित कुछ अन्य विषयों में प्रवेश के लिए सीयूईटी ही माध्यम रखा गया है। इन कोर्सेस में पिछले वर्षों की तरह प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। ला डिपार्टमेंट की एचओडी डा. मोना पुरोहित के अनुसार कई विषयों में प्रवेश सीयूईटी के माध्यम से किया जा रहा है। इस बार कुछ ही विषयों के लिए ही यह व्यवस्था दी गई है।

### अभी तक अच्छे आए परिणाम

बीयू प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार बीयू के यूटीडी में यूजी लेवल के कोर्सेस में एडमिशन के लिए सीयूईटी के लिए काफी आवेदन आए हैं। एनटीए परीक्षा आयोजित कर रही है। अभी तक विवि में तिनी सीटें हैं, उनसे अधिक आवेदन आ चुके हैं।

### परीक्षा के दिन किया केंद्र बदलने का आवेदन

एनटीए की सीनियर डायरेक्टर (परीक्षा) डा. साधना पाराशर के अनुसार 19 जुलाई को आयोजित की जाने वाली परीक्षा के लिए कई आवेदकों ने परीक्षा केंद्र में बदलाव के लिए आवेदन किया था। आवेदकों से कहा गया है कि वे अपने एडमिट कार्ड पर अंकित परीक्षा केंद्र पर ही परीक्षा में शामिल होने के लिए पहुंचें।

### राजभवन के आदेशों का पालन किया

बरकतउल्ला विवि के कुलपति प्रो. आरजे राव यूटीडी द्वारा संचालित पांच कोर्सेस के लिए सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश लेने की शुरूआत की गई है। इसके लिए अभी यूजी लेबल के बीए, बीएससी, बीकाम आदि कुछ विषयों में प्रवेश लिए जा रहे हैं।

**उम्मीद है इससे विवि के शिक्षा स्तर में बढ़ोतरी होगी। राजभवन के आदेशों के अनुसार ही प्रवेश के लिए सीयूईटी के माध्यम से एडमिशन दिए जा रहे हैं।**
**प्रो.आरजे राव, कुलपति, बीयू, भोपाल**

# तीनों नगर परिषदों में भाजपा के अध्यक्ष बनना तय

## विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की रहेगी अहम भूमिका

कटनी,यशभारत। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली जिले की तीनों नगर परिषद कैमोर, विजयराघवगढ़ और बरही के चुनाव में भाजपा को मिली बढ़त के बाद अब यहां नगर परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष भी भाजपा के ही बनना तय है। इस बार उपाध्यक्ष के अलावा अध्यक्ष का चुनाव भी पार्षदों से ही होना है पर परिषदों के किन पार्षदों को परिषद की कमान सौंपी जाएगी यह फैसला अभी नहीं हुआ। बताया गया कि तीनों परिषदों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्णय पार्टी पदाधिकारियों द्वारा पार्षदों से चर्चा कर लिया जाएगा। इस निर्णय में क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की अहम भूमिका होगी। बहरहाल तीनों परिषदों में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के दावेदार सक्रिय हो गए हैं। पार्षदों से समर्थन मांगा जा रहा। चुनाव की तिथि अभी घोषित नहीं हुई पर संभावना जताई जा रही कि अगस्त के पहले हफ़्ते में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव कराए जा सकते हैं। जिले की कैमोर नगर परिषद में कांग्रेस का एक भी पार्षद नहीं है इसलिए कांग्रेस यहां से कोई दावा नहीं करेगी पर विजयराघवगढ़ में कांग्रेस के 4 और बरही में 6 पार्षद चुनकर आये हैं यहां जोड़ तोड़ का सहारा लेकर कांग्रेस कोशिश कर सकती है पर इस तरह की कोई कोशिश कामयाब हो पायेगी इसकी संभावना दूर-दूर तक नज़र नहीं आती।

### कैमोर में पूरी परिषद भाजपा की

कैमोर नगर परिषद चुनाव में भाजपा को 10 वार्डों में शानदार जीत मिली थी जबकि 5 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी जीत कर आये थे। चुनाव के बाद ये पांचों निर्दलीय पार्षद न केवल भाजपा में शामिल हो चुके हैं बल्कि विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक से मिलकर उनके मार्गदर्शन में काम करने का वादा भी कर चुके हैं। सभी निर्दलीय पार्षदों के भाजपा में शामिल हो जाने के बाद अब यहां पूरी परिषद भाजपा की हो गई है। यहां नगर परिषद अध्यक्ष का पद अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। अध्यक्ष पद के लिए प्रमुख दावेदार वार्ड नं 10 से विजयी मनीषा अजय शर्मा और वार्ड नं 3 से विजयी पलक नमित ग्रोवर को माना जा रहा। मनीषा शर्मा के पति अजय शर्मा पिछली परिषद में उपाध्यक्ष रहे। शर्मा परिवार के मुखिया धनीराम शर्मा भी नगर परिषद के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। इसी परिवार की सत्यभामा शर्मा भी पार्षद रहीं। अब मनीषा शर्मा 258 मतों से चुनाव जीतकर पार्षद बनी हैं। परिवार की राजनैतिक पृष्ठभूमि को देखते हुए उन्हें अध्यक्ष पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा। अध्यक्ष पद की दूसरी प्रबल दावेदार वार्ड नं 3 से चुनाव जीतने वाली पलक नमित ग्रोवर हैं। पलक ग्रोवर ने न केवल कैमोर बल्कि तीनों नगर परिषदों में सर्वाधिक मतों से जीत का कीर्तिमान अपने नाम किया है। वे कैमोर के प्रतिष्ठित उद्योगपति रमेश ग्रोवर की बहू और युवा उद्यमी नमित ग्रोवर की पत्नी है। परिवार समाजसेवा से जुड़ा है। रमेश ग्रोवर कैमोर गुरुद्वारा पंजाबी सभा के अध्यक्ष भी हैं। परिवार अब राजनीति में सक्रिय होना चाहता है। राजनैतिक सफ़र पार्षद पद से शुरू हुआ है पर लक्ष्य अध्यक्ष पद की कुर्सी तक पहुंचना है। ग्रोवर परिवार खुलकर अध्यक्ष पद की न केवल दावेदारी कर रहा इस दिशा में पूरी तरह सक्रिय भी है। अध्यक्ष पद के दोनों दावेदार विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के नज़दीकी हैं। दोनों का कहना है कि विधायक श्री पाठक जो भी निर्णय लेंगे उसे वे स्वीकार करेंगे। इन दो प्रबल दावेदारों की होड़ में किसी तीसरे को न मौका मिल जाये इस संभावना के साथ कुछ और पार्षद भी अध्यक्ष पद की उम्मीद लगाए हैं। दावेदारों में से किसे कामयाबी मिलेगी इसका निर्णय चुनाव के दिन ही होगा जिसका सभी को इंतज़ार है।



BJP

### विजयराघवगढ़ में संख्याबल भाजपा के साथ

विजयराघवगढ़ नगर परिषद के चुनाव में भाजपा को जहां 7 वार्डों में सफलता मिली है वहीं कांग्रेस ने भी चार वार्डों में जीत दर्ज की है। तीन निर्दलीय प्रत्याशी पार्षद चुनकर आये हैं जबकि एक पार्षद आम आदमी पार्टी का चूना गया था। भाजपा बहुमत से सिर्फएक कदम दूर रह गई थी। चुनाव के बाद तीनों निर्दलीय पार्षद न केवल विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक से मिलकर भाजपा को समर्थन देने का एलान कर चुके हैं बल्कि बाकायदा शुल्क जमा कर भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण कर चुके हैं। आम आदमी पार्टी की टिकट पर पार्षद चुनी गई कल्पना बलराम सोनी ने भी भाजपा को समर्थन दे दिया है। ऐसे में अब यहां भाजपा पार्षदों की संख्या 7 से बढ़कर 11 हो गई है जबकि कांग्रेस के पास केवल चार पार्षद हैं। संख्याबल पूरी तरह भाजपा के पक्ष में होने के कारण यहां भी भाजपा का अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा। विजयराघवगढ़ नगर परिषद का अध्यक्ष पद भी अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित हैं। यहां से मंडल अध्यक्ष मनीष देव मिश्रा की पत्नी वसुधा मिश्रा और शिक्षक हरीश दुबे की पत्नी राजेश्वरी पार्षद निर्वाचित हुई हैं। इन दोनों को अध्यक्ष पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा। कांग्रेस के पास संख्याबल कम है बावजूद इसके जोड़तोड़ का सहारा लेकर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर दावेदारी कर सकती है।

### बरही में भी बहुमत भाजपा के पास

नगर परिषद बरही के चुनाव में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला है। 15 में से 8 पार्षद भाजपा के चुनकर आये हैं। 6 वार्डों में कांग्रेस ने जीत का परचम लहराया है जबकि एक वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशी को सफ्लता मिली है। यहां से पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष और वर्तमान में भाजपा के जिला महामंत्री सतीश तिवारी अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार थे पर आश्चर्यजनक रूप से वे चुनाव हार गए और उनकी अध्यक्ष की दावेदारी भी समाप्त हो गई। अब यहां से वरिष्ठ पार्षद पीयूष अग्रवाल को भाजपा की ओर से अध्यक्ष पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा। अध्यक्ष का पद आरक्षण से पूरी तरह मुक्त है इसीलिए यहां अध्यक्ष पद के लिए भाजपा का फैसला चौंकाने वाला भी हो सकता है।



# राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में कटनी के खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**कटनी,यशभारत।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप प्रतियोगिता में कटनी के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 11 मेडल जीते हैं। खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विजय भार ने बताया कि बिलासपुर ऑल इंडिया कराते एसोसिएशन व छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के द्वारा राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में 27 राज्य के लगभग 2200 बच्चों व कोच ने सहभागिता की। जिसमें खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में जिले के 20 खिलाड़ियों के दल व कोच ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 4 गोल्ड मेडल, 2 सिल्वर मेडल, 5 ब्राउंस मेडल प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। जिसमें से अनन्मय सिंह परमार, सौम्या तिवारी, स्नेहा निषाद, टिंकल निषाद ने गोल्ड मेडल, दृषा शुक्ला, समर्थ तिवारी ने सिल्वर मेडल, मनुश्री सिंह परमार, पारुल जायसवाल, पिंकी निषाद, अर्चना चौधरी, आकाश कोरी ने ब्राउंस मेडल प्राप्त किया।

### जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, उपसरपंच के निर्वाचन को लेकर मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त

कटनी,यशभारत। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व ग्राम पंचायतों के उपसरपंचों का निर्वाचन किया जाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार विकासखंडवार मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विकासखंड बड़वारा के लिए लालजी उरमलिया, उमेश निगम, बहोरीबंद विकासखंड के लिए व्हीएन बागरी, सुरेन्द्र तिवारी, ढीमरखेड़ा के लिए दिलीप बाजपेई, अभिलाषा चौरसिया, कटनी के लिए डॉ. आरपी सिंह, शुक्ला राय, विकासखंड रीठी के लिए मौजी लाल चक्रवर्ती व संजय सिंह गौतम और विकासखंड विजयराघवगढ़ के लिए अरूण कुमार व डॉ. अनिल मिश्रा को मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया गया है।

# 61 केन्द्रों में होगा किसानों का पंजीयन

**कटनी,यशभारत।** विपणन वर्ष 2022-23 ग्रीष्मकालीन फ्सल मूंग व उड़द को न्यूनतम समर्थन मूल्य में उपार्जन के लिए जिले में 28 जुलाई तक पंजीयन किया जाना है। जिले के किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर ग्रीष्मकालीन फ्सल



मूंग, उड़द के उपार्जन के लिए जिले में 50 सहकारी संस्थाओं के के लिए 61 केन्द्र निर्धारित किए हैं, जिसमें पंजीयन का कार्य होगा। जिसमें से कटनी विकासखंड में 7, ढीमरखेड़ा में 9, बड़वारा में 6, बरही में 4, बहोरीबंद में 13, रीठी में 7, विजयराघवगढ़ में 9 और स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र में 6 केन्द्रों में किसान 28 जुलाई तक अपने पंजीयन करा सकेंगे।

### स्थानीय कलाकार द्वारा तैयार की गई हैं आकर्षक कलाकृतियां

# मुड़वारा स्टेशन में लगाई लकड़ी से बनी कलाकृतियों की प्रदर्शनी




**कटनी,यशभारत।** भारतीय रेलवे द्वारा लाई गई एक स्टेशन एक उत्पादन योजना के अंतर्गत लघु उद्योग भारती इकाई कटनी द्वारा मुड़वारा स्टेशन में कटनी नगर में हाथ से बनने वाली लकड़ियों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी एवं विक्रय केंद्र की स्थापना की गई है। यात्रियों को लघु उद्योग भारती की इस योजना के प्रभारी नीलेश विश्वकर्मा द्वारा यह जानकारी देते हुए बताया गया कि स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से रेलवे द्वारा इस योजना को शुरू किया गया जिससे स्थानीय कलाकार अपनी कलाकृतियों को प्रदर्शित कर सकें साथ ही उचित मूल्य पर उनकी कलाकृतियों का विक्रय भी हो सके। लघु उद्योग भारती ग्राम शिल्पी प्रकोष्ठ के सदस्य कैलाश विश्वकर्मा द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को मुड़वारा स्टेशन में स्टाल के माध्यम से विक्रय हेतु रखा गया है इकाई अध्यक्ष हरि सिंह भदौरिया एवं प्रभारी नीलेश विश्वकर्मा द्वारा नगरवासियों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में जाकर स्थानीय कलाकार द्वारा बनाई गई मूर्तियों का अवलोकन करें एवं कृय करके स्थानीय कलाकार कैलाश विश्वकर्मा का उत्साह वर्धन करें ।

### प्रिकॉशन डोज व डीपीटी, टीडी टीकाकरण अभियान को लेकर कलेक्टर ने विभागीय बैठक में दिए निर्देश

# कोविड प्रिकॉशन डोज के लिए चलेगा विशेष अभियान

**कटनी,यशभारत।** कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव अंतर्गत प्रिकॉशन डोज और डीपीटी, टीडी टीकाकरण को लेकर जिले में अभियान चलाकर टीकाकरण का कार्य कराएं। अभियान में जिन-जिन विभागों को जिम्मेदारी दी गई है, वे ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाएं। अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और पहले से पूरी प्लानिंग करें। यह निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव और डीपीटी, टीडी टीकाकरण अभियान को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभागार व गूगल मीट के जरिए आयोजित हुई बैठक में दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले में जारी कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के लिए मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही कोविड टीकाकरण के लिए निर्धारित महाअभियान के संबंध में जानकारी ली। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में 27 जुलाई,



3 अगस्त, 17 अगस्त, 31 अगस्त, 14 सितंबर और 28 सितंबर को महाअभियान चलाया जाएगा। महा अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और अधिक से अधिक 18वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पात्र नागरिकों को कोविड 19 टीके का प्रिकॉशन डोज लगे, इसका प्रयास करने के निर्देश दिए। जिले में 16 अगस्त से 31 अगस्त तक चलाए जाने वाले डीपीटी व टीडी टीकाकरण अभियान की तैयारी की भी समीक्षा कलेक्टर श्री मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि 5,10 व 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का टीकाकरण किया जाना है और इसको लेकर प्रथम सप्ताह में स्कूलों में और द्वितीय सप्ताह में शाला त्यागी बच्चों के टीकाकरण के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे, सभी एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ, सीएमएचओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल थे।



# उद्योगों एवं प्रतिष्ठानों में भी फहरेगा तिरंगा

### हर घर झंडा अभियान 11 से 17 अगस्त तक

**कटनी,यशभारत।** 11 अगस्त से 17 अगस्त तक आयोजित होने वाले हर घर झंडा अभियान में समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ें। जिले के उद्योग, व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भी तिरंगा फ्हराएं और संस्थानों में काम करने वाले मजदूर वर्ग को भी इस अभियान में शामिल करें। यह निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हर घर झंडा अभियान को लेकर आयोजित उद्योगपतियों, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक में दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी उद्योगपतियों, खनन व्यापारियों, लघु उद्योग भारती, राइस मिलर्स सहित अन्य उद्योगों से जुड़े प्रतिनिधियों से अभियान को लेकर चर्चा की और सुझाव भी मांगे। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग अजय श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व उद्योग, व्यापारिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# स्कूल गेट के समीप सूखे कमजोर पेड़ से कभी भी हो सकता है हादसा



### स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर भी ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार

**कैमोर,यशभारत।** बारिश के इस मौसम में न केवल जर्जर ईमारतों के गिरने का खतरा बना रहता है बल्कि सूखे और जड़ों से कमजोर हो चुके पेड़ों के गिरने की भी आशंका बनी रहती है। इसी को देखते हुए प्रशासन द्वारा जहां खतरनाक इमारतों को जर्जर घोषित कर उन्हें गिरवा देता है या वहां नोटिस चस्पा कर लोगों को सर्तक और सावधान रहने के लिए कहा जाता है। यही स्थिति सूखे पेड़ों के साथ भी रहती है। लेकिन कैमोर में एकदम आबादी के बीच एसीसी डीएवी स्कूल के गेट पर ही एक सूखा जर्जर आम का पेड़ है जिसके गिरने का खतरा बना हुआ है। इसके बाद भी इस पेड़ को अलग नहीं किया जा रहा। डीएवी स्कूल के सैकड़ों बच्चे प्रतिदिन इसी मार्ग से स्कूल आते-जाते हैं। एसीसी के अधिकारी कर्मचारी भी इसी मार्ग से निकलते हैं। एसीसी की कॉलोनी में रहने वाले पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों का भी आना-जाना इस मार्ग से होता रहता है। बावजूद इसके इस सूखे जर्जर आम के पेड़ को कटवाए जाने के कोई प्रयास नहीं किए जा रहे जबकि कई बार पेड़ की शाखाएं टूटकर गिरती रहतीं हैं। नगर परिषद प्रशासन एवं एसीसी प्रबंधन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कर स्कूल गेट के समीप खड़े इस पेड़ को अलग कराए जाने की मांग बच्चों के अभिभावकों द्वारा की गई है। अगर जल्द ही इस पेड़ को यहां से अलग नहीं किया गया तो यहां कभी भी हादसा हो सकता है।

### 3 लाख 20 हजार बकाया बिल की वसूली न होने पर हुई कार्रवाई

# कन्हवारा में भी 32 बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे

**कटनी,यशभारत।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इन दिनों लंबित विद्युत बिलों के भुगतान के लिए कड़ा रवैया अपनाया जा रहा। विद्युत बिल जमा नहीं करने वाले बकायादार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। इसी कड़ी में विजयराघवगढ़ विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े कन्हवारा फीडर के अंतर्गत आने वाले 32 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन आज काट दिए गए। बताया गया कि इन 32 उपभोक्ताओं पर लगभग 3 लाख 20 हजार रूपए



का विद्युत बिल बाकी है। लाइन मैन द्वारा बार-बार आगाह किए जाने के बाद भी इन उपभोक्ताओं द्वारा बकाया विद्युत बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा। जिसके चलते वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आज इन उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेद कर दिए गए। कनेक्शन काटे जाने के बाद इन उपभोक्ताओं को चेतावनी दी गई है कि अगर बिल का भुगतान किए बिना चोरी से बिजली कनेक्शन जोड़े गए तो उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए अपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जाएगा। विद्युत विभाग की टीम द्वारा आकस्मिक रूप से इस तरह काटे गये कनेक्शनों की जांच की जाएगी। इसके लिए भी टीम का गठन किया गया है।

# भारत तीन रन से जीता

## वेस्टइंडीज में लगातार चौथी जीत मिली, शिखर धवन और सिराज जीत के हीरो

**त्रिनिदाद ( एजेंसी )।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज त्रिनिदाद में 22 जुलाई (शुक्रवार) को शुरू हुई। टीम इंडिया ने पहले वनडे में तीन रन से रोमांचक जीत हासिल कर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। आखिरी ओवर में वेस्टइंडीज को 15 रन बनाने थे, लेकिन सिराज ने सिर्फ 11 रन दिए। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सात विकेट पर 308 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज 50 ओवर में छह विकेट पर 305 रन ही बना सका। भारतीय कप्तान शिखर धवन ने 97 रन की पारी खेली। वहीं, मोहम्मद सिराज ने दबाव में शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 10 ओवर में 58 रन देकर दो विकेट लिए। धवन को कप्तानी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वेस्टइंडीज में भारत ने लगातार चौथी जीत हासिल की है। उसे पिछली बार दो जुलाई 2017 को नॉर्थ साउंड में हार मिली थी। उसके बाद से टीम इंडिया ने किंग्स्टन में एक और पोर्ट ऑफ स्पेन में लगातार तीन मैच अपने नाम किए हैं। गयाना में खेले गए एक मुकाबले में नतीजा नहीं निकला था। दोनों टीमों के बीच सीरीज का दूसरा मुकाबला अब रविवार (24 जुलाई) को इसी मैदान पर खेला जाएगा।



### आखिरी गेंद पर छक्का नहीं लगा सके शेफर्ड

आखिरी ओवरों में रोमारियो शेफर्ड में 25 गेंद पर नाबाद 39 रन और अकील हुसैन ने 32 गेंद पर नाबाद 33 रन बनाए। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 33 गेंद पर नाबाद 53 रन की साझेदारी कर मैच को रोमांचक बनाया। आखिरी गेंद पर शेफर्ड को जीत के लिए एक छक्के की जरूरत थी, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके। अगर शेफर्ड चौका भी लगा देते तो मैच सुपर ओवर में चला जाता।

### धवन और गिल ने की शतकीय साझेदारी

भारतीय पारी की बात करें तो शिखर धवन और शुभमन गिल ने टीम को शानदार शुरुआत दी। दोनों ने शुरुआती 10 ओवरों में 73 रनों की साझेदारी की। इसके बाद दोनों ने अर्धशतक लगाया और अपनी साझेदारी को 119 रन तक पहुंचाया। इस स्कोर पर टीम इंडिया को पहला झटका लगा। 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर निकोलस पूरन ने शानदार थ्रो पर गिल को रनआउट कर दिया। गिल अपनी गलती से आउट हुए। उन्होंने धवन को एक रन के लिए कहा, लेकिन खुद धीमे दौड़ रहे थे। इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। गिल ने 53 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 64 रन बनाए।

### तीन साल बाद वनडे में शतक नहीं लगा पाए धवन

गिल के आउट हो जाने के बाद उपकप्तान श्रेयस अय्यर क्रीज पर आए। उन्होंने कप्तान धवन का बखूबी साथ निभाया। दोनों ने विंडीज गेंदबाजों को जमकर थकाया। अय्यर और धवन ने दूसरे विकेट के लिए 97 गेंदों पर 94 रन की साझेदारी की। धवन 97 रन बनाकर आउट हुए। उनके पास तीन साल बाद वनडे में शतक लगाने का मौका था। उन्होंने 2019 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछला शतक लगाया था। धवन इस मौके का फायदा नहीं उठा सके और मोती की गेंद पर पॉइंट की ओर बाउंड्री लगाने के प्रयास में ब्रूक्स को कैच थमा बैठे। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के लगाए।

### अय्यर ने लगाया अर्धशतक

श्रेयस अय्यर ने अपना अर्धशतक शिखर धवन के आउट होने के बाद पूरा कर लिया। हालांकि, वह लंबी पारी नहीं खेल पाए। 54 रन बनाकर अय्यर पवेलियन लौट गए। मोती की गेंद को वह एक्स्ट्रा-कवर बाउंड्री के ऊपर से मारना चाहते थे, लेकिन विंडीज कप्तान निकोलस पूरन ने उछलते हुए एक हाथ से बेहतरीन कैच लिया। अय्यर ने 57 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाए। उनके आउट होने के बाद संजू सैमसन क्रीज पर आए।

### सूर्यकुमार यादव और संजू सैमसन फेल

श्रेयस अय्यर के आउट होने के कुछ समय बाद सूर्यकुमार यादव भी पवेलियन लौट गए। तेजी से रन बनाने के लिए प्रसिद्ध सूर्यकुमार इस मैच में 14 गेंद पर 13 रन ही बना सके। उन्होंने दो चौके लगाए। अकील हुसैन ने 39वें ओवर में उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया। संजू सैमसन 43वें ओवर में एलबीडब्ल्यू हो गए। रोमारिया शेफर्ड की गेंद लेग स्टंप पर थी और संजू उसे लेग साइड में खेलना चाहते थे, लेकिन गेंद बल्ले से नहीं लगी। पैड पर गेंद लगने के बाद रोमारियो ने जोरदार अपील की और अंपायर ने सैमसन को आउट दिया। सैमसन ने 18 गेंद पर एक छक्के की मदद से 12 रन बनाए।

### दीपक हुड्डा भी नहीं चले

पांच विकेट गिर जाने के बाद दीपक हुड्डा और अक्षर पटेल ने टीम की पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों ने 37 गेंद पर 42 रनों की साझेदारी की। इस दौरान हुड्डा का बल्ला खामोश ही रहा। अक्षर ने 21 गेंद पर 21 रन बनाए। दीपक हुड्डा ने 32 गेंद पर 27 रन बनाए। दोनों को एक ही ओवर में अल्जारी जोसेफ ने आउट किया। शार्दुल ठाकुर सात और मोहम्मद सिराज एक रन बनाकर नाबाद रहे। भारतीय टीम ने एक समय 35 ओवर में 225 रन बना लिए थे। ऐसा लग रहा था कि टीम 350 रन के करीब पहुंचेगी, लेकिन लगातार विकेट गिरने से आखिरी 15 ओवर में सिर्फ 83 रन ही बने।

### बल्लेबाजी के दौरान कायेल मेयर्स

वेस्टइंडीज को पहला झटका मोहम्मद सिराज ने दिया। उन्होंने पांचवें ओवर की पांचवीं गेंद पर अनुभवी शाई होप को आउट कर दिया। होप थर्ड मैन की ओर बाउंड्री लगाने के प्रयास में शार्दुल ठाकुर के हाथों लपके गए। उन्होंने 18 गेंद पर सिर्फ सात रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से एक चौका निकला। इसके बाद शामराह ब्रूक्स और कायेल मेयर्स ने टीम को संभाला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की।

### शार्दुल ने दिया दोहरा झटका

भारत को जिस विकेट की तलाश थी वह शार्दुल ठाकुर ने दिलाई। उन्होंने शॉर्ट गेंद पर शामराह ब्रूक्स को आउट कर दिया। ब्रूक्स छक्का मारने के प्रयास में डीप स्क्वायर लेग बाउंड्री पर श्रेयस अय्यर के हाथों लपके गए। उन्होंने कायेल मेयर्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 117 रनों की साझेदारी की। ब्रूक्स ने 61 गेंद पर 46 रन बनाए। उनके बाद शार्दुल ने मेयर्स को भी आउट कर दिया। मेयर्स ने 68 गेंद पर 75 रन बना लिए थे। 26वें ओवर की पांचवीं गेंद पर उन्होंने विकेटकीपर संजू सैमसन को कैच थमा दिया। मेयर्स ने अपनी पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया।

### पूरन और पॉवेल फेल

वेस्टइंडीज को चौथा झटका मोहम्मद सिराज ने दिया। उन्होंने 36वें ओवर की पहली ही गेंद पर विपक्षी कप्तान निकोलस पूरन को पवेलियन भेज दिया। पूरन मिड-ऑन पर प्रसिद्ध कृष्णा को कैच थमा बैठे। उन्होंने 26 गेंद पर 25 रन बनाए। इस दौरान दो छक्के लगाए। पूरन ने ब्रैंडन किंग के साथ 56 गेंदों पर 51 रनों की साझेदारी की। लंबे-लंबे छक्के लगाने के लिए मशहूर रोवमन पॉवेल का बल्ला इस मैच में नहीं चला। युजवेंद्र चहल ने उन्हें 37वें ओवर में आउट कर दिया। चहल की गेंद पर पॉवेल ने स्लिप में दीपक हुड्डा को कैच थमा दिया।



# मुश्किल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम

## दल के छह लोगों को अब तक नहीं मिला यूके का वीजा

**मुंबई ( एजेंसी )।** बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रवाना होने में 48 घंटे से कम समय रह गया है, लेकिन भारतीय महिला क्रिकेट दल की छह सदस्यों को अभी तक यूके का वीजा नहीं मिला है। राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार महिला क्रिकेट को शामिल किया गया है। टीम इंडिया फिलहाल बेंगलुरु में ट्रेनिंग कर रही है। उसे रविवार को बर्मिंघम के लिए रवाना होना है। इस मामले को लेकर बीसीसीआई भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से संपर्क में है।आईओए के सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, ''कुछ वीजा आज मिल गए, लेकिन अभी छह वीजा मिलने बाकी हैं। इनमें तीन खिलाड़ियों और तीन सहयोगी स्टाफ के हैं। बाकी वीजा कल तक आ जाने चाहिए। वैसे भी हमारा इस प्रक्रिया में कोई नियंत्रण नहीं है। गर्मियों के कारण व्यस्तता है और ब्रिटेन का वीजा मिलने में समय लग रहा है।''

### हरमनप्रीत कौर करेंगी कप्तानी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम का एलान 11 जुलाई को हो गया था। हरनप्रीत कौर भारत की कप्तानी करेंगी। क्रिकेट की वापसी 24 साल बाद इस टूर्नामेंट में हुई है। पिछली बार 1998 में क्रिकेट इसका हिस्सा था। इस बार सिर्फ महिला टीमें ही राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेंगी। टेस्ट क्रिकेट के लिए मशहूर एजबेस्टन में क्रिकेट के मैच होंगे। आठ टीमें टूर्नामेंट में दिखाई देंगी।

### भारत का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से

भारत ग्रुप-ए में ऑस्ट्रेलिया, बारबाडोस और पाकिस्तान के साथ है। श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका को ग्रुप-बी में रखा गया है। टीम इंडिया अपने अभियान की शुरुआत 29 जुलाई को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगी। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

### भारत के 215 खिलाड़ी बर्मिंघम जाएंगे

भारतीय महिला क्रिकेट टीम 215 सदस्यीय दल का हिस्सा है जिसे देश खेलों के लिए बर्मिंघम भेजेगा। दल में 108 पुरुष और 107 महिलाएं हैं। कुल सदस्य 322 होंगे। इनमें 72 टीम अधिकारी, 26 अतिरिक्त अधिकारी, नौ आकस्मिक कर्मचारी और तीन महाप्रबंधक शामिल हैं।

### दक्षिण अफ्रीका ने जीता था स्वर्ण

राष्ट्रमंडल खेलों में इस बार 19 खेलों में रोमांच देखने को मिलेगा। क्रिकेट पिछली बार कुआलालंपुर खेलों में देखने को मिला था। तब 50 ओवर के मैच खेले गए थे। सिर्फ पुरुष टीमों ने हिस्सा लिया था। उस दौरान 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। एडम गिलक्रिस्ट, रिकी पोंटिंग, स्टीव वॉ, शॉन पोलाक, जैक्स कालिस जैसे दिग्गज खिलाड़ी टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। दक्षिण अफ्रीका ने स्वर्ण, ऑस्ट्रेलिया ने रजत और न्यूजीलैंड ने कांस्य पदक अपने नाम किया था। खेलों के लिए भारतीय टीमः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, एस मेघना, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, राजेश्वरी गायकवाड़, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिगेज, राधा यादव, हरलीन देओल, स्नेह राणा। स्टैंडबाई खिलाड़ी- सिमरन दिल बहादुर, ऋचा घोष, पूनम यादव।

# पैरा शूटिंग विश्व कप में कुल 10 पदक जीतकर शीर्ष पर रहा भारत

### फरीदाबाद का जलवा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** फरीदाबाद के सिंघराज अधाना ने पैरा शूटिंग विश्वकप के अंतिम दिन दो स्वर्ण पदक भारत की झोली में डाले। इसके साथ ही पैरा शूटिंग विश्वकप में 6 स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीतकर भारत पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। भारत ने 2017 में पहली बार पैरा शूटिंग विश्वकप में हिस्सा लेने शुरू किया था। भारत का इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। फ्रांस (4 स्वर्ण सहित 11 पदक) दूसरे और यूक्रेन (3 स्वर्ण सहित 15 पदक) तीसरे स्थान पर रहा। स्पर्धा के अंतिम दिन टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सिंघराज क्वालिफाइंग राउंड में चौथे स्थान पर रहे थे। फाइनल राउंड में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 224.1 स्कोर के साथ वह स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे। यूक्रेन के ओलेक्सी डेनिसियुक (216.2) ने और कोरिया के जोंगडू जो (193.9) ने कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत स्पर्धा से पहले सिंघराज ने दीपेंद्र सिंह और मनीष नरवाल के साथ टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। पी 4 व्यक्तिगत स्पर्धा में सिंघराज का यह पहला स्वर्ण पदक है। वहीं, राहुल जाखड़ ने पी 3 मिश्रित 25 मीटर पिस्टल एचएच-1 स्पर्धा में स्वर्ण जीता। राहुल जाखड़, सिंघराज और निहाल की टीम 1695-36× ने कोरिया और चेक गणराज्य से आगे रहते हुए स्वर्ण जीता। मनीष नरवाल और रूबिना फ्रांसिस ने पी-6 मिश्रित टीम 10 मीटर एयर एसएच 1 पिस्टर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय पैरा शूटिंग टीम अब नवंबर में यूएई के अल एन में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में खेलेगी। स्वर्ण जीतने के बाद सिंघराज अधाना ने कहा- अंततः विश्वकप में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा। मैं शतुहु फ्रांस में ही स्वर्ण पदक जीतना चाहता था, लेकिन तकनीकी कमी के कारण चूक गया। खुश हूं कि म्यूनिख में यह सपना पूरा हो गया। इस सफलता के लिए अपने कोच का धन्यवाद करता हूं।






# सिनेमाघरों में हुई साउथ-बॉलीवुड की टक्कर

**मुंबई ( एजेंसी )।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में हिंदी, तेलुगू और मलयालम भाषा की तीन बड़ी फिल्में रिलीज हुई हैं। इस बार बॉलीवुड की तरफ से बॉक्स ऑफिस पर साउथ फिल्मों को टक्कर देने के लिए रणबीर कपूर अपनी फिल्म शमशेरा को लेकर उतरे हैं। वैसे तो करण मल्होत्रा की यह ऐतिहासिक महाकाव्य रणबीर कपूर की वापसी का प्रतीक है। लेकिन फिल्म में अभिनेता ने नाममात्र की भूमिका निभाई है। वहीं तेलुगू की तरफ से नागा चैतन्य और मलयालम फिल्म उद्योग की ओर से %पुष्पाः द राइज% स्टारर फहाद फासिल सामने आए हैं

# कॉमनवेल्थ गेम्स में पहले दिन ही पाकिस्तान-ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा भारत



**मुंबई ( एजेंसी )।** बर्मिंघम में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में अब एक सप्ताह से भी कम का समय रह गया है। 28 जुलाई से शुरू हो रहे इस इवेंट में भारत ने 215 सदस्यों का दल भेजा है। 10 दिन के अंदर 16 खेलों में भारतीय एथलीट भाग लेंगे। यह भले ही 28 जुलाई से शुरू हो रहा हो, लेकिन प्रतियोगिताएं 29 जुलाई से शुरू होंगी। पहले दिन भारत की महिला क्रिकेट टीम का मुकाबला ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम से है। ग्रुप ए का यह मैच एजबेस्टन के मैदान पर होगा। इसके अलावा बैडमिंटन के मिश्रित वर्ग में भारतीय टीम का सामना पाकिस्तान से होगा। यह मुकाबला एनईसी हॉल में खेला जाएगा।

# स्टाइलिश लुक से लूटी महफिल

# मार्वल फिल्म निर्माता की पार्टी में पहुंचे मलाइका और अर्जुन कपूर



**मुंबई ( एजेंसी )।** बॉलीवुड के सबसे चर्चित कपल अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा जहां भी साथ में शिरकत करते हैं, सारी लाइमलाइट लूट लेते हैं। दोनों अक्सर ही सोशल मीडिया पर भी अपनी तस्वीरें साझा करते रहते हैं। मलाइका अरोड़ा अर्जुन कपूर से 12 साल बड़ी हैं। उम्र का लंबा फासला होने के बावजूद दोनों की केमिस्ट्री काफी मजबूत दिखाई देती है। अब दोनों को मार्वल फिल्म बनाने वाले निर्माता रूसो ब्रदर्स की पार्टी में साथ स्पॉट किया गया।

### रितेश सिधवानी ने आयोजित की थी पार्टी

जानकारी के मुताबिक, निर्माता रितेश सिधवानी द्वारा रूसो ब्रदर्स के लिए स्टार-स्टड पार्टी आयोजित की गई थी। इसी पार्टी में अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा ने भी अपनी रॉकिंग उपस्थिति दर्ज करवाई। इस पार्टी के लिए कपल ने वायलेट और पर्पल रंगों के आउटफिट चुने। लव बर्ड्स ने इवेंट में पहुंचते ही अपने स्टाइलिश आउटफिट्स से खूब लाइमलाइट बटोरी।



### स्टाइलिश अंदाज से मलाइका ने लूटी महफिल

अपने हर लुक से महफिल लूटने वाली मलाइका अरोड़ा का अंदाज रूसो ब्रदर्स की पार्टी में भी बेहद स्टाइलिश दिखा। एक्ट्रेस इस दौरान पर्पल कलर की स्पार्कल ड्रेस में दिखाई दीं वहीं अर्जुन कपूर ने भी उनकी ड्रेस से काफी हद तक मैच करती हुई डार्क पर्पल शर्ट पहनी थी।

हाल ही में अर्जुन कपूर ने अपना बांद्रा वाला फ्लैट बेच दिया था, जो मलाइका अरोड़ा की बिल्डिंग में था। इसके बाद लोग कयास लगाने लगे कि कपल के बीच कुछ सही नहीं है। हालांकि उनका जो वीडियो वायरल हो रहा है, उससे सारी अफवाहों पर विराम लग गया है।

### एक विलेन रिटर्न में नजर आएंगे अर्जुन कपूर

बात करें वर्क फ्रंट की तो अभिनेता अर्जुन कपूर इस समय अपनी आगामी फिल्म %एक विलेन रिटर्न% के प्रमोशन में बिजी चल रहे हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री तारा सुतारिया संग बनने वाली है। बता दें कि यह फिल्म 29 जुलाई 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।

# केजीएफ 2 को सिनेमाघरों में पूरे हुए 100 दिन

## मेकर्स ने खास अंदाज में किया सेलिब्रेट



**मुंबई ( एजेंसी )।** साउथ अभिनेता यश स्टारर केजीएफ 2 ने अपनी पहले दिन से ही धुआंधार कमाई की थी और ये फिल्म अब ब्लॉकबस्टर बन चुकी है। इसी के साथ एक्टर यश भी पैन इंडिया स्टार का तमगा हासिल चुके हैं। आज केजीएफ 2 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 100 दिन पूरे हो चुके हैं। इस खास मौके को और भी ज्यादा खास बनाने के लिए मेकर्स ने अपने इंस्टाग्राम से एक विशेष वीडियो साझा किया है।हंबल फिल्म्स के द्वारा फिल्म केजीएफ 2 का जो वीडियो साझा किया गया है, उसमें अभिनेता यश के कुछ दृश्यों के साथ बैकग्राउंड में कुछ भी होने दो फिर भी डरना नहीं गीत बज रहा है। इस शानदार वीडियो को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा- हमारे लिए इस अद्भुत यात्रा की पटकथा और स्टिचिंग के लिए धन्यवाद। हम अभी भी अपने चारों ओर उल्लास और गूंज महसूस कर सकते हैं। हम आपको रोमांचित रखने का वादा करते हैं।

### हमारे अगले ममॉन्स्टर हिट और हमारे होम रन के साथ!

केजीएफ 2 के मेकर्स द्वारा जारी किए गए इस वीडियो को देखने के बाद फैंस ने अपनी प्रतिक्रिया से कमेंट बॉक्स भर दिया है। केजीएफ भाग 1 और केजीएफ भाग 2 देखने के बाद अब दर्शकों को इसके तीसरे भाग को देखने का बेसब्री से इंतजार है। केजीएफ चैप्टर 2 की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद अब चैप्टर 3 बनाने की चर्चाएं भी जोरों पर हैं। हालांकि मेकर्स या किसी भी कलाकार की तरफ से कोई आधिकारिक बयान साझा नहीं किया गया है। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित, पैन-इंडिया फिल्म में दक्षिण अभिनेता यश के अलावा संजय दत्त रवीना टंडन, प्रकाश राज और श्रीनिधि शेट्टी अहम किरदारों में नजर आए। इस फिल्म को दर्शकों की काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली और पोस्ट कोविड में इसने 500 करोड़ रुपये से अधिक का संग्रह किया। वर्तमान में %केजीएफ 2% सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तीसरी फिल्म है।



## 25 व 26 को रद्द रहेगी रीवा-इतवारी-रीवा एक्सप्रेस

### इंटरलॉकिंग और ऑटो सिग्नलिंग के काम के चलते रेलवे का फैसला

**कटनी, यशभारत।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के नागपुर रेल मंडल के राजनांदगांव-कलमना रेलवे स्टेशन में 25 से 27 जुलाई तक नॉन इंटरलॉकिंग व ऑटो सिग्नलिंग का काम होगा। इसके चलते इस रूट की 20 ट्रेनों को 24 से 28 जुलाई तक कैंसिल कर दिया गया है। वहींए कुछ गाड़ियां बीच में ही समाप्त कर दी जाएंगी। रेलवे ने यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया है। रद्द होने वाली गाडियाों में रीवा से इतवारी के बीच कटनी होकर चलने वाली रीवा-इतवारी-रीवा एक्सप्रेस भी शामिल है। रेलवे के मुताबिक 25 जुलाई को रीवा से छूटने वाली गाड़ी संख्या 11754 रीवा-इतवारी एक्सप्रेस व 26 जुलाई को इतवारी से छूटने वाली गाड़ी संख्या 11754 इतवारी-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

**यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033**

## स्कूल से घर लौट रही छात्रा को ट्रैक्टर ने कुचला

### बड़वारा थाना क्षेत्र के कछारी मोड़ पर हादसा

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना अंतर्गत विलायतकला-स्लीमनाबाद मार्ग के कछारी मोड़ पर सायकल सवार छात्रा को अनियंत्रित ट्रेक्टर ने रौंद दिया। जिसके कारण छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेक्टर चालक मौके से भाग निकला। बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि मझौली मोड़ निवासी 14 वर्षीय नसीरा बी स्कूल से छुट्टी होने के बाद सायकल पर घर लौट रही थी। इसी दौरान दूसरी ओर से आ रहे ट्रेक्टर ने अनियंत्रित होकर उसे कुचल दिया। छात्रा नसीरा की हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों से सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर कार्रवाई की। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रेक्टर चालक मौके से भाग निकला है। ट्रेक्टर जप्त करते हुए थाना में खड़ा कराया गया है। साथ चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

## हिसाब देने से कतरा रहे एमएसडब्ल्यू के प्रोजेक्ट हेड

### चांडक चौक में 25 लाख रूपए जप्त होने का मामला

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली पुलिस द्वारा जप्त किए गए 25 लाख रुपए का हिसाब नगर निगम की ठेका कंपनी एमएसडब्ल्यू के कटनी प्रोजेक्ट हेड अबतक नहीं दे सके हैं। आयकर विभाग के अधिकारियों को बयान देने से प्रोजेक्ट हेड कतरा रहे हैं और खुद की मानसिक स्थिति ठीक न होने का हवाला देकर बच रहे हैं। आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार अब तक प्रोजेक्ट हेड यह नहीं बता सके हैं कि यह पैसा उन्हें कहां से मिला है। उल्लेखनीय है कि 18 जुलाई को चांडक चौक से कार में सवार एमएसडब्ल्यू प्रोजेक्ट हेड अमित आचार्य से पुलिस ने 25 लाख रुपए जप्त किए गए थे। एसपी सुनील कुमार जैन का कहना है कि आयकर विभाग से रुपए वापस किए जाने को लेकर जानकारी नहीं मिली है और न ही एमएसडब्ल्यू प्रोजेक्ट हेड सही जानकारी दे पाए हैं। इसलिए 25 लाख रुपए पुलिस की कस्टडी में ही हैं।

## मोबाइल व संचार क्रांति ने सूने किए पोस्ट बॉक्स



### अब नहीं रहता रक्षाबंधन का इंतजार

**कटनी, यशभारत।** एक समय सावन मास में पोस्ट बॉक्स चिठ्ठियों और राखी के लिफाफों से भर जाते थे। हर एक.दो घंटे में बॉक्स खाली करना पड़ता था। ऑनलाइन राखी भेजने का सिलसिला शुरू हुआ तो पोस्ट बॉक्स के भविष्य पर खतरा मंडराने लगा। कुछ साल पहले तक शहर में सौ के लगभग पोस्ट बॉक्स थे। अब इनकी संख्या महज दर्जन भर रह गई है।

### एक माह पहले शुरू होता था सिलसिला

कुछ साल पहले तक रक्षाबंधन के एक से डेढ़ माह पूर्व से ही राखियां भेजने का सिलसिला शुरू हो जाता था। सावन मास में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बहनें भाइयों के लिए राखियां भेजती थीं लेकिन समय के साथ यह सिलसिला लगभग थम.सा गया है। हालांकि देहात में अब भी पोस्ट बॉक्स से राखियां भेजी जाती हैं। पोस्ट बॉक्स में राखी के लिफाफों का ग्राफ कम होने पर डाकघर में राखियां भेजने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। राखी के लिए स्पेशल काउंटर लगाने के साथ वाटर प्रूफ लिफाफे भी उपलब्ध कराए जाते हैं।



### इसलिए भी कम हुए बॉक्स

जानकारों के अनुसार चिठ्ठियां और राखी भेजने वाले अपने लिफाफों को ट्रैक करना चाहते हैं। इसलिए वे रजिस्टर्ड या स्पीड पोस्ट के जरिए राखियां भेजना पसंद करते हैं। सामान्य लिफाफों में राखी भेजने वाले को यह भी डर होता है कि समय पर राखियां पहुंचेंगी या नहीं इसलिए भी सामान्य लिफाफों और पोस्ट बॉक्स में राखी भेजने वालों की संख्या कम हुई है।

### इनका कहना है

पोस्ट बॉक्स के जरिए राखी भेजने वालों की संख्या कम हुई है। चिठ्ठियों की संख्या भी कम हुई है। हालांकि रक्षाबंधन के अवसर पर राखी भेजने के लिए विशेष वॉटर प्रूफ लिफाफे डाकघर में उपलब्ध हैं। राखी के लिए भेजने के लिए अलग से काउंटर भी लगाए जाते हैं।

-नारायण सिंह, पोस्ट मास्टर, मुख्य डाकघर, कटनी


**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

**प्लाट बिकाऊ हैं**

राय कॉलोनी, शांतिनगर, बारह बंगला एवं समदड़िया सिटी के पास प्लाट बिकाऊ हैं।
रेट 1000/- से 1200/- तक
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें. मो. 9993705740

**पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें**
Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

**मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता**
**एडवांस्ड**
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियेसन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है
क्योकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 9755675583 फोन 07622-494511

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
**समर्थ**
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)